Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 85 | शुक्रवार, 28 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## इमिग्रेशन बिल पर संसद में बोले अमित शाह

# 'ये देश कोई धर्मशाला नहीं घुसपैठियों पर सख्ती जरूरी'

**नई दिल्ली।**



शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वालों को देश में घुसने नहीं दिया जाएगा। देश कोई धर्मशाला नहीं है। अगर कोई देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए देश में आता है, तो उसका हमेशा स्वागत है।

लोकसभा ने आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025 को पारित किया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि हमारे देश में कौन आता है और कितने समय के लिए आता है, देश की सुरक्षा के लिए यह जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है, इसलिए किसी शरणार्थी नीति की हमें जरूरत नहीं। उन्होंने कहा कि आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक से भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का हमारा सपना पूरा होने वाला है। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वालों को देश में घुसने नहीं दिया जाएगा।

देश कोई धर्मशाला नहीं है। अगर कोई देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए देश में आता है, तो उसका हमेशा स्वागत है। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत एक चमकता हुआ केंद्र बन गया है। भारत मैन्यूफैक्चरिंग का हब बन गया है और दुनिया भर से लोगों का भारत आना स्वाभाविक है।

भाजपा नेता ने दावा किया कि निजी लाभ के लिए और देश को असुरक्षित बनाने के लिए भारत में शरण लेने वालों की संख्या भी बढ़ी है।

## 2025

पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि यह विधेयक समय की मांग है और इसकी सराहना की जानी चाहिए।

### एक नजर

रोहिंग्या हों या बांग्लादेशी, अगर वे भारत में अशांति फैलाने के लिए आते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है, भू-राजनीतिक राष्ट्र नहीं। फारसी लोग भारत आए और आज देश में सुरक्षित हैं। दुनिया का सबसे छोटा अल्पसंख्यक समुदाय भारत में ही सुरक्षित है। यहूदी इजरायल से भागकर भारत में ही रह गए। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में पड़ोसी देशों के छह उत्पीड़ित समुदायों के लोग उअअ के जरिए देश में शरण ले रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि आव्रजन कोई अलग मुद्दा नहीं है। देश के कई मुद्दे इससे जुड़े हुए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से यह जानना बहुत जरूरी है कि देश की सीमा में कौन घुसता है।

## यूपी के इस जिले में महिलाओं के डांस पर मचा बवाल, लाठी-डंडे चले, गांव में तैनात किया गया पुलिस बल

**बुलंदशहर।** चोला थाना क्षेत्र के ग्राम कोराली में दूसरे समुदाय के युवकों ने कुआं पूजन के दौरान म्यूजिक सिस्टम पर नृत्य कर रहीं महिलाओं का वीडियो बना लिया। विरोध करने आरोपियों ने पीड़ित पक्ष के साथ लाठी, डंडों से पीटा। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। क्षेत्र के गांव कोराली निवासी अनुसूचित जाति के रनपाल सिंह पुत्र छोटे सिंह ने बताया कि बुधवार की रात उनके पोते का कुआं पूजन कार्यक्रम चल रहा था। परिवार की महिलाएं व रिश्तेदार म्यूजिक सिस्टम पर डांस कर रहे थे। तभी गांव निवासी मोइल पुत्र खुरशेद, फारूख पुत्र खुरशेद, फरीद पुत्र मुन्त्याज, फिरोज पुत्र बाबू, फरदीन पुत्र साबिर, इन्त्याज पुत्र आबिद, फरदीन पुत्र आरिफ व फरदीन पुत्र हंसार म्यूजिक सिस्टम पर डांस कर रहीं महिलाओं की वीडियो बनाने लगे।

## || सार संक्षेप

### पीएम मोदी का न्योता दोस्त ने किया कबूल, रूस-यूक्रेन वॉर के बीच भारत आ रहे पुतिन



**नई दिल्ली।**

दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध के साथ-साथ डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद भू-राजनीतिक उथल-पुथल पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। भारत ने यूक्रेन संघर्ष पर तटस्थ रुख बनाए रखा है, भले ही पीएम मोदी ने पुतिन से बार-बार कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। रूस ने गुरुवार को पुष्टि की कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पिछले साल मॉस्को की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण के बाद जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। 2022 में यूक्रेन के साथ युद्ध छिड़ने के बाद से पीएम मोदी के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने वाले पुतिन की यह पहली यात्रा होगी। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि पुतिन की भारत यात्रा के लिए तैयारियाँ चल रही हैं, हालाँकि उन्होंने कोई विशेष तारीख नहीं बताई। लावरोव ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार के प्रमुख से मिलने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

लावरोव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार निर्वाचित होने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए रूस को चुना है। अब हमारी बारी है।

### लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2025 में खोला जीता का खाता



**नई दिल्ली।**

लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला खेला गया। जिसे छरत्रॠ ने 5 विकेट से जीत लिया। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए, जिसके जवाब में लखनऊ ने 23 गेंद शेष रहते हुए मैच अपने नाम कर लिया। गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला खेला गया। जिसे छरत्रॠ ने 5 विकेट से जीत लिया। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए, जिसके जवाब में लखनऊ ने 23 गेंद शेष रहते हुए मैच अपने नाम कर लिया। छरत्रॠ ने 16.1 ओवर में पांच विकेट पर 193 रन बनाए। लखनऊ की ओर से निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। इस हार के साथ पॉइंट्स टेबल में हैदराबाद की टीम पहले स्थान से छठे पर खिसक गई है, जबकि लखनऊ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम की शुरूआत खराब रही। टीम ने दूसरे ओवर में एडन मार्करम के रूप में पहला विकेट गंवाया।

**हैदराबाद को 5 विकेट से मिली हार**

## यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जलाने से कोई नुकसान नहीं

**जबलपुर।**



भोपाल में यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री के जहरीले कचरे को पीथमपुर में जलाकर निष्पादित करने के ट्रायल रन (परीक्षण) में किसी तरह का नुकसान सामने नहीं आया है। यह बात मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में राज्य शासन की ओर से गुरुवार को प्रस्तुत स्टेटस रिपोर्ट में कही गई। कोर्ट को बताया गया कि ट्रायल रन सभी नियमों का पालन करते हुए किया गया था। तीनों आशा के अनुरूप सफल रहे। इनमें 10-10 टन कचरा जलाया गया। इनकी रिपोर्ट सही पाई गई। इस तरह किसी तरह के नुकसान की आशंका निर्मूल साबित हो गई। 72 दिनों में जहरीले कचरे को जलाकर नष्ट किया जाएगा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेशानुसार आगामी 72 दिनों में जहरीले कचरे को जलाकर नष्ट किया जाएगा। कचरा 270 किलो प्रति घंटे के हिसाब से जलाया जाएगा। बता दें, ट्रायल रन के पहले चरण में 27 फरवरी से 135 किलो कचरा प्रति घंटे जलाया गया। दूसरे चरण में चार मार्च से 180 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया गया। तीसरे व अंतिम चरण में 10 मार्च से 270 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया गया था।

## कठुआ मुठभेड़ में तीन जवान बलिदान 3 आतंकी ढेर, सर्च अभियान जारी

**जम्मू।**



जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के दूरदराज के जंगली इलाके में दिनभर चली भीषण मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। इस एनकाउंटर में तीन जवान बलिदान भी हुए। वहीं, मुठभेड़ में एक पुलिस उपाधीक्षक सहित सात अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ सुबह करीब 8 बजे शुरू हुई। ऐसे माना जा रहा है कि जंगलों में छिपे ये आतंकी पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन के सदस्य हैं। मुठभेड़ के दौरान भारी गोलीबारी और विस्फोट भी हुए। दर्जनों स्थानीय युवकों को भारी हथियार और गोला-बारूद को घाटी के अंदर ले जाने में सुरक्षाबलों की मदद करते देखा गया। घायलों में कई जवान घायल हुए थे जिसमें तीन जवान शहीद हो गए। दो घायल जवानों का इलाज चल रहा है। घायलों की हालत स्थिर है। शहीद जवानों की पहचान तारिक अहमद, जसवंत सिंह और बलविंदर सिंह के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान भीषण गोलीबारी और विस्फोट हुए। कठुआ जिले का शांत गांव सुफैन गोलियों, ग्रेनेड और रॉकेट फायर की आवाजों से थर्रा उठा। सेना के अधिकारियों ने बताया कि विशेष सूचना मिलने के बाद जवान जब वहां पहुंचे तो आतंकवादी जंगल से गुजर रहे थे। इस दौरान मुठभेड़ आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान तीन जवान बलिदान और तीन आतंकी ढेर हो गए।

> राजबाग के घाटी जुथाना इलाके में जखोले गांव के पास हुई मुठभेड़ में करीब पांच आतंकवादियों के एक ग्रुप ने सर्च ऑपरेशन के दौरान फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के अतिरिक्त बलों को तुरंत इलाके में तैनात किया गया। इस दौरान गोलीबारी में विशेष पुलिस अधिकारी भरत चलोत्रा घायल हो गए थे।

## प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति पर उठाए सवाल, मेडिकल बुलेटिन की मांग की

**नई दिल्ली।**



शेखपुरा जिले में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए किशोर ने कहा कि इन सावधानियों के बावजूद जेडी(यू) प्रमुख अपने असामान्य आचरण के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मानसिक स्वास्थ्य पर मेडिकल बुलेटिन जारी करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश को सार्वजनिक कार्यक्रमों और मीडिया से दूर रखा जा रहा है ताकि लोगों की नजर उन पर न पड़े। शेखपुरा जिले में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए किशोर ने कहा कि इन सावधानियों के बावजूद जेडी(यू) प्रमुख अपने असामान्य आचरण के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। किशोर, जो कुमार के साथ मतभेदों के बाद निष्कासित होने से पहले जेडी(यू) के साथ काम कर चुके हैं, ने कहा कि मुख्यमंत्री के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता सबसे पहले उनके करीबी सहयोगी दिवंगत सुशील मोदी ने 2023 में जताई थी। पिछले कुछ सालों से बिहार के लोग उनके व्यवहार को देख रहे हैं। किशोर के अनुसार, हालांकि कुमार की सार्वजनिक उपस्थिति और प्रेस से बातचीत को सीमित करने के प्रयास किए गए हैं, लेकिन वे अभी भी अपने अनियमित व्यवहार के लिए ध्यान आकर्षित करते हैं। पीके ने दावा किया कि कुमार कैबिनेट सहयोगियों के नाम भूल रहे हैं। दौरे के दौरान भी उन्हें यह याद नहीं रहता कि वे किस जिले में हैं। बीपीएससी परीक्षाओं को लेकर हाल ही में हुए आंदोलन के दौरान, मुझे पता चला कि उन्हें राज्य में हो रही घटनाओं की जानकारी नहीं है। उन्होंने आगे कहा, ₹अगर मेडिकल बुलेटिन जारी किया जाता है, तो इससे लोगों के मन से नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति के बारे में कोई भी संदेह दूर हो जाएगा।

> शेखपुरा जिले में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए किशोर ने कहा कि इन सावधानियों के बावजूद जेडी(यू) प्रमुख अपने असामान्य आचरण के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। किशोर, जो कुमार के साथ मतभेदों के बाद निष्कासित होने से पहले जेडी(यू) के साथ काम कर चुके हैं, ने कहा कि मुख्यमंत्री के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता सबसे पहले उनके करीबी सहयोगी दिवंगत सुशील मोदी ने 2023 में जताई थी।

## 44 लोगों के साथ लेकर लाल सागर में डूबी सबमरीन, मिस्र में हो गया बड़ा हादसा

**नई दिल्ली।**



मिस्र के अधिकारियों के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों द्वारा तूफानी पानी की चेतावनी जारी किए जाने के बाद लाल सागर में एक पर्यटक नौका के डूबने के चार महीने बाद यह घटना घटी। कम से कम चार लोग डूब गए, जबकि 33 लोगों को बचा लिया गया।

क्षेत्र में चल रहे संघर्षों के कारण उत्पन्न जोखिमों के कारण, हाल ही में कई पर्यटक कंपनियों ने लाल सागर में यात्रा करना बंद कर दिया है या सीमित कर दिया है। मिस्र के लाल सागर के शहर हर्गहाडा के पास एक पर्यटक पनडुब्बी के डूबने से कम से कम छह विदेशी पर्यटकों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए।

समाचार एजेंसी ने बताया कि पीड़ितों की राष्ट्रीयता का अभी पता नहीं चल पाया है। यह घटना तब हुई जब पनडुब्बी हर्गहाडा के लोकप्रिय लाल सागर तट गंतव्य के पास से गुजर रही थी, जिसमें विभिन्न देशों के कुल 45 यात्री सवार थे। रेड सी गवर्नरेट के अनुसार, आपातकालीन प्रतिक्रियाकताओं ने 29 लोगों को बचा लिया है।

## हरियाणा में ईद की छुट्टी में बड़ा बदलाव, नायब सैनी सरकार ने गजेटेड हॉलीडे की लिस्ट से हटाया

**नई दिल्ली।**

संशोधित अधिसूचना में कहा गया है कि 31 मार्च 2025 को मनाई जाने वाली ईद-उल-फितर को राजपत्रित अवकाश के बजाय प्रतिबंधित अवकाश (आरएच) माना जाएगा। यह निर्णय इस तथ्य से प्रभावित था कि 29 और 30 मार्च सप्ताहांत पर पड़ते हैं, और 31 मार्च 2024-25 वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन है। यह निर्देश सभी सरकारी विभागों को भेज दिया गया है। हरियाणा सरकार ने अपनी छुट्टियों की सूची में संशोधन करते हुए ईद-उल-फितर को राजपत्रित अवकाश से बदलकर प्रतिबंधित अवकाश कर दिया है। यह निर्णय वित्तीय वर्ष के अंत में होने वाली बंदी का हवाला देते हुए लिया गया। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम समुदाय के लोग अभी भी ईद के दिन छुट्टी ले सकते हैं। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 26 दिसंबर 2024 की अधिसूचना में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित अधिसूचना में कहा गया है कि 31 मार्च 2025 को मनाई जाने वाली ईद-उल-फितर को राजपत्रित अवकाश के बजाय प्रतिबंधित अवकाश (आरएच) माना जाएगा। यह निर्णय इस तथ्य से प्रभावित था कि 29 और 30 मार्च सप्ताहांत पर पड़ते हैं, और 31 मार्च 2024-25 वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन है। यह निर्देश सभी सरकारी विभागों को भेज दिया गया है। इस निर्णय के बाद, हरियाणा में ईद पर सभी सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे। हालांकि, अगर पात्र कर्मचारी त्योहार मनाना चाहते हैं तो वे छुट्टी के लिए आवेदन कर सकते हैं। ईद को राजपत्रित अवकाश सूची से हटा दिया गया है।



## संपादक की कलम से

# सुप्रीम कोर्ट का न्याय

बेशक इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायमूर्ति का वह फैसला अशांत, आकुल और विक्षुब्ध करने वाला था। उन्होंने दुष्कर्म करने या उसकी कोशिश करने अथवा दुष्कर्म की मंशा की कानूनी व्याख्या की थी। यदि 688 जिला अदालतों में से किसी का फैसला ऐसा होता, तो बहुत चीखा-चिल्ली मचती और विरोध-प्रदर्शन भी होते। यह देश के 27 उच्च न्यायालयों में से एक के न्यायाधीश का फैसला था और करीब 4 महीने तक खूब चिंतन-मनन करने के बाद फैसला सुनाया गया था, लिहाजा सर्वोच्च अदालत को ज्यादा संवेदनहीन और अमानवीय लगा, नतीजतन विवादित हिस्से पर रोक लगा दी गई। जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा ने फैसला सुनाते हुए कहा था-पीड़िता के निजी अंगों को पकड ?ा और पायजामे का नाड़ा तोड ?ा दुष्कर्म या दुष्कर्म की कोशिश नहीं मानी जा सकती। इस फैसले पर न्यायविदों, नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने बहुत तल्ख प्रतिक्रियाएं जताई थीं। वी द वुमेन ऑफ इंडिया की अर्जी पर सर्वोच्च अदालत को स्वतः संज्ञान लेना पड़ा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की न्यायिक पीठ ने कहा कि यह मामला नाबालिग से दुष्कर्म का है, जो बेहद गंभीर है। खेद है कि फैसला देने वाले जज के खिलाफ कठोर शब्दों का प्रयोग करना पड़ रहा है। यह फैसला जज का असंवेदनशील और अमानवीय नजरिया दिखाता है, लिहाजा इस पर रोक जरूरी है। केंद्र के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने भी पीठ के फैसले से सहमति जताई। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म की तैयारी थी, दुष्कर्म नहीं किया गया, जज के फैसले में ऐसा कहा गया है। यह बेहद गंभीर टिप्पणी है। जस्टिस गवई ने यह भी कहा था कि पीड़िता की मां की याचिका भी टैग की जाए। अदालत ने केंद्र, उप्र सरकार और पक्षकारों को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है। बहरहाल सवाल है कि दुष्कर्म का भाव क्या होता है? आरोपितों ने उस नाबालिग लडक ी के निजी अंगों को क्यों पकड़ा था? पायजामे का नाड़ा क्यों तोड़ा या खोला था? और उस लडक ी को पुलिया के नीचे क्यों ले जाना चाहते थे? इन सभी हरकतों में दुष्कर्म की नीयत अथवा मंशा साफ थी, लिहाजा एक आम आदमी के तौर पर हम इसे दुष्कर्म ही मानेंगे। आमतौर पर फैसले के ऐसे चरण में सर्वोच्च अदालत हस्तक्षेप नहीं करती और न ही रोक लगाती, लेकिन न्याय के नाम पर यह अनैतिक था और न्यायिक सिद्धांतों से परे था, लिहाजा विवादित हिस्से पर रोक लगानी पड़ी। वो तो लडक ी जोर से चीखती रही, लिहाजा कुछ लोग उसे बचाने को वहां आ गए और आरोपित वहां से भाग गए, नतीजतन लडक ी दुष्कर्म के दंश से बच गई। अलबत्ता दुष्कर्म हो सकता था। वर्ष 2021 में सर्वोच्च अदालत ने आरोपित पैतृक और स्त्री-द्वेषी रवैये के खिलाफ एक व्यापक चेकलिस्ट जारी की थी। खासकर न्यायिक फैसलों के संदर्भ में यह किया गया था, लेकिन अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। निचली अदालतों में स्थितियां काफी खराब हैं। सवाल हैं कि ऐसे मामलों में देश के आम नागरिक को अदालतों से इतर न्याय कहां से मिल सकता है? दुष्कर्म के काफी मामलों में विवाह को ही एक अंतिम उपाय माना जाता रहा है। क्या यही अंतिम विकल्प हो सकता है? लडक ी बलातदुष्कर्मी को अपना जीवन-साथी, पति कैसे स्वीकार कर सकती है? बहरहाल, एक नाबालिग लडकी के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने जो फैसला दिया है, वह उदाहरण बनाया जाना चाहिए।


ललित शर्मा
संपादक

## हिम्मत कब हारा है

उदय किशोर साह

कविता



डगर कठिन जरूर दीखता है पर हिम्मत . कब हारा है
मंजिल दूर जरूर खड़ी है पर मिहनत का हमें सहारा है

चल पड़े हैं जिस कठिन रास्ते पे दूर। नहीं किनारा है
बदकिस्मत से भी टकरायेगें क्योंकि उम्मीदों का पिटारा है

ठोकर भले ही गिरा दे हमें हम गम का दौर गुजारा है
अपने बाजू पे है भरोसा जो अपन आँख का तारा है

जग कितना भी ले ले परीक्षा कल का जीत हमारा है
दुनियाँ को भी दिखला दूँगा कि आसमान पे अपन तारा है

खून पसीना भले ही बह जाये अब तो जूनून ही सारा है
जंजीरों को तोड़ पा लुँगा जिसने अपन का हक मारा है

इतिहास गवाह है इस जग में क्या कर्मवीर कभी हारा है
हिम्मत वाले ही मंजिल पाते हैं कल का मंजर तो यारा है

चुपचाप अब नहीं बैठुगाँ मेरी बाजूओं ने दहाड़ा है
आगे बढ़ता ही जाऊँगा भले ही पथ पे काँटा सारा है

रात भले ही काली है ओ रब पर कल का सुबहा हमारा है
हँसने वाले भी झुक जायेगें क्योंकि आगे मेरी जीत सितारा है

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने फैसला पलट दिखायी राह, किया उजाला



नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की कोशिश से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाकर न्याय की संवेदनशीलता को संबल दिया है, इससे जहां न्याय की निष्पक्षता, गहनता एवं प्रासंगिकता को जीवंत किया है, वहीं महिला अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों को गंभीरता से लिया गया है। शीर्ष अदालत के जजों ने इस फैसले को असंवेदनशील बताते हुए न केवल इलाहाबाद हाई कोर्ट के इस विवादित फैसले पर गंभीर नाराजगी दशार्यी एवं खेद प्रकट किया है, क्योंकि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा था- नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट पकड़ना और उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना रेप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यौन अपराधों की गंभीरता को कम करने वाली या पीड़ितों के अनुभवों को कमतर आंकने वाली भाषा एवं सोच का इस्तेमाल न करने की चेतावनी देते हुए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को भी ऐसा फैसला देने वाले जज से ऐसे संवेदनशील मामलों की सुनवाई न कराने का भी निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट के जजों ने कहा कि यह फैसला तुरंत नहीं लिया गया, बल्कि सुरक्षित रखने के 4 महीने बाद सुनाया गया यानी पूरे विचार के बाद फैसला दिया गया है। नारी अस्मिता एवं अस्तिव को कुचलने की शर्मसार करने वाली निचली अदालतों की ऐसी न्यायिक घटनाएं चिन्ताजनक है। एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट की पहल से समाज में सकारात्मक संदेश दिया गया और महिलाओं की सुरक्षा, अस्मिता एवं अस्तित्व सुनिश्चित करने का सार्थक प्रयास भी किया गया है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट में जस्टिस राममनोहर नारायण मिश्रा ने अपने 17 मार्च के इस फैसले में कहा था कि ह्यपीड़िता के स्तन को छूना और पायजामे की डोरी तोड़ने को बलात्कार या बलात्कार की कोशिश के मामले में नहीं गिना जा सकता है ।ह्व उल्लेखनीय है कि यह घटना साल 2021 में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई थी। जिसमें तीन युवकों ने लड़की से बदतमीजी की थी और उसके प्राइवेट पॉर्टस को छुआ तथा पुल के नीचे घसीटकर उसके पायजामे की डोरी तोड़ थी। जिसे पास से गुजरने वाले ट्रैक्टर चालकों ने बचाया था। स्थानीय पुलिस से जब किशोरी के परिजनों को मदद नहीं मिली तब उन्होंने न्याय के लिये कासगंज की विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। जहां अभियुक्तों पर आईपीसी की धारा 376 व पॉक्सो एक्ट की धारा 18 लगाई गई। जिसको अभियुक्तों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। 11 साल की इस लड़की के साथ हुई इस घटना के बारे में जस्टिस मिश्रा का निष्कर्ष था कि यह महिला की गरिमा पर आघात का मामला है। इसे रेप या रेप की कोशिश नहीं कह सकते। एकल पीठ का कहना था कि मामले में तथ्यों व आरोपों के आधार पर तय करना संभव नहीं है कि बलात्कार का प्रयास हुआ था। जिसके लिये अभियोजन पक्ष को सिद्ध करना था कि अभियुक्तों का यह कदम अपराध करने की तैयारी के लिये था। इस फैसले के बाद देशभर में गहरा आक्रोश, गुस्सा एवं नाराजगी सामने आयी, महिला संगठनों व बौद्धिक वर्गों में तल्ख प्रतिक्रिया देखी गयी, सोशल मीडिया एवं मीडिया ने इसे न्याय की बड़ी विसंगति एवं अमानवीयता के रूप में प्रस्तुत किया।

महिला संगठन वी द वूमेन ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था। शीर्ष अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने माना कि फैसला न केवल असंवेदनशील है बल्कि अमानवीय नजरिया भी दशार्ता है। जिसके चलते इस फैसले पर रोक लगाना आवश्यक हो जाता है। वहीं शीर्ष अदालत ने इस मसले पर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया है। यह बात किसी के गले नहीं उतर पा रही कि जब पाक्सो कानून में स्पष्ट रूप से किसी बच्चे के साथ गलत हरकतों को आपराधिक कृत्य माना गया है, तब कैसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के संबंधित न्यायाधीश को न्यायिक विवेचन करते समय यह गंभीर दोष नहीं जान पड़ा। महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों में तो उन्हें घूरने, गलत इशारे करने, पीछा करने आदि को भी आपराधिक कृत्य माना गया है। फिर उस लड़की के मामले में हर पहलू पर विचार क्यों नहीं किया गया? इस फैसले की निन्दा, भर्त्सना एवं आलोचना ने देश में एक बार फिर जताया है कि देश ऐसे संवेदनशील मामलों में जागरूक है, किसी भी तरह की लापरवाही एवं कोताही को बर्दाश्त नहीं करेगा। सुप्रीम अदालत ने देखा था कि पीछा करने, छेड़छाड़ करने और उत्पीड़न जैसे अपराधों को सामान्य बनाने वाले रवैये का ह्यपीड़ितों पर स्थायी और हानिकारक प्रभाव पड़ता है ।ह्व महिलाओं के सम्मान और गरिमा के प्रति सर्वोच्च न्यायालय संवेदनशील है, यही आशा की किरण है। यहां यह अपेक्षित हो जाता है कि महिला मामलों की सुनवाई करने वाले जजों को इसकी बारीकियों एवं गहनताओं का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। ऐसे प्रशिक्षित जजों को ही ऐसे मामलों की सुनवाई का मौका दिया जाना चाहिए। यह भी अपेक्षित है कि ऐसे मामलों में कोताही या दुराग्रह बरतने वाले जजों के लिये उचित जांच का भी प्रावधान होना चाहिए।

महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में फैसला देते वक्त अदालतों से अपेक्षा की जाती है कि वे घटना, तथ्यों और प्रमाणों पर संवेदनशील तरीके से विचार करें। मगर विचित्र है कि कई बार निचली अदालतें ऐसे मामलों में आग्रह एवं पूर्वाग्रहपूर्ण निर्णय सुना देती हैं। उल्लेखनीय है कि एक ऐसे ही मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच के फैसले को पलट कर कानून की संवेदनशीलता को संबल दिया था। तब भी सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2021 में कहा था कि किसी बच्चे के यौन अंगों को यौन इरादे से छूना पॉक्सो अधिनियम की धारा 7 के तहत यौन हिंसा माना जाएगा। अब चाहे इसमें त्वचा का संपर्क नहीं हुआ हो। कोर्ट का मानना था कि अभियुक्त का इरादा ज्यादा मायने रखता है। दरअसल, इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की महिला जज ने अभियुक्त को इस आधार पर बरी करने का फैसला लिया था कि त्वचा से त्वचा का संपर्क नहीं हुआ था। इसी तरह कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी अक्टूबर, 2023 में एक फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की थी कि किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए, वे दो मिनट के सुख के लिए समाज की नजरों में गिर जाती हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जज से यह उम्मीद नहीं की जाती है कि वे फैसला सुनाते समय अपने विचार व्यक्त करें। तब सुप्रीम कोर्ट ने यह दिशानिर्देश भी जारी किए थे कि फैसले किस तरह लिखे जाने चाहिए। इसके अलावा, कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को भी पलट दिया था। ऐसे फैसले न्यायिक भ्रष्टता, संवेदनहीनता एवं लापरवाही के प्रतीक है, जिससे महिलाओं अपराधियों, बलात्कारियों, व्यभिचारियों एवं यौन शोषकों का नारी से खिलवाड़ करने का हौसला बुलन्द होता है।

देश में बढ़ रही यौन-शोषण, रेप एवं नारी दुराचार की घटनाओं को देखते हुए न्याय-व्यवस्था को अधिक सशक्त एवं निष्पक्ष बनाये जाने की अपेक्षा है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कुछ मामलों में पाक्सो और महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों का दुरुपयोग देखा गया है, मगर इसका अर्थ यह नहीं कि इससे किसी को हर महिला के साथ हुए दुर्व्यवहार और यौन शोषण को असंवेदनशील तरीके से देखने की छूट मिल जाती है। पहले ही महिला यौन उत्पीड़न के मामलों में शिकायतें दर्ज कराने को लेकर चुप्पी साध जाने या टालमटोल रवैया अपनाना एक गंभीर मामला है। जिसके चलते ऐसी घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। आजीवन शोषण, दमन, अत्याचार, अवांछित बर्ताव और अपमान की शिकार रही भारतीय नारी को अब और नये-नये तरीकों से कब तक जहर के घूंट पीने को विवश होना होगा। अत्यंत विवशता और निरीहता से देख रही है वह यह क्रूर अपमान, यह वीभत्स अनादर, यह दूषित व्यवहार एवं संकुचित न्याय। न्याय की चौखट पर भी उसके साथ दोयम दर्जा एवं दुराग्रहपूर्ण सोच बदलना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। यदि हम सच में नारी के अस्तित्व एवं अस्मिता को सम्मान देना चाहते हैं तो! ईमानदार स्वीकारोक्ति और पड़ताल से ही यह संभव होगा।


ललित गर्ग

# वैदिक, सनातनी शिक्षा से वैश्विक नेतृत्व

भारत में प्रागैतिहासिक वैदिक तथा सनातनी शिक्षा तथा ज्ञान का स्वरूप बड़ा ही विस्तृत है। भारत को भारतवर्ष भी आदिकाल की सांस्कृतिक शिक्षा और विशाल ज्ञान के भरपूर स्त्रोतों के कारण ही कहा जाता रहा है।

भारत के ऋषि, मुनि, गौतम और अनेक संस्कृत के शिक्षकों ने भारत भूमि को न सिर्फ गौरवशाली बनाया बल्कि ऐतिहासिक रूप से इसे विश्व में सर्वोपरि स्थान दिलाया है। भारत के गौरव को और ऊंचा उठाने में स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा और उन के शक्तिशाली व्याख्यान ने द्विगुणित करने की भूमिका निभाई है। भारतीय वेदों और संस्कृति ने वैश्विक स्तर पर नए नए आयाम का सृजन किया है वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा, भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है। शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है। दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।


संजीव ठाकुर

# मोदी जी वोट के लिए नहीं देश के लिए अपना कर्तव्य निभा रहे हैं


अशोक भाटिया, मुंबई

भाजपा ईद के मौके पर अल्पसंख्यक परिवारों के घरों तक खुशियों की सौगात दे रही है। 'सौगात-ए-मोदी' किट के जरिए भाजपा 32 लाख मुस्लिमों के घरों तक पहुंच रही है और ईद की खुशियां बांटी जा रही है। ईद के जश्न से पहले मुसलमानों के बीच खाने-पीने की चीजों और महिलाओं के लिए कपड़ों से भरी ह्यसौगत-ए-मोदी' किट बांटे जाने की शुरूआत हो चुकी है। इस पहल की शुरूआत दिल्ली के निजामुद्दीन औलिया के इलाके से हुई है। जहां अधिक संख्या में मुसलमान औरतें एकत्रित हुईं और सभी प्रधानमंत्री मोदी की लंबी उम्र के लिए दुआएं कर रही थीं। मुसलमान औरतें कह रही थीं कि ऐसे प्रधानमंत्री आगे कई साल तक देश में बने रहें। भाजपा का मकसद यह है कि देश में सौहार्द्र, भाईचारा और मिलीजुली संस्कृति की पहचान आगे बढ़ती रहे।₹ भारतीय जनता पार्टी ईद के मौके पर 32 लाख मुसलमानों को 'सौगात-ए-मोदी' किट दे रही है। भाजपा की ये पहल पार्टी के 'सबका साथ, सबका विकास और सबके लिए प्रयास' की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता यासिर जिलानी ने बताया, ₹ईद के मौके पर 32 लाख मुसलमानों को 'सौगात-ए-मोदी' किट देने के पीछे कोई बड़ा मकसद नहीं, बल्कि यह है कि हमारी सरकार के मूलमंत्र 'सबका साथ, सबका विकास और सबके लिए प्रयास' को जमीन पर चरितार्थ किया गया है। अब इसी माहौल में भाजपा की ह्यसौगात-ए-मोदी किट योजना ने राजनीतिक दलों के बीच खींचतान को और बढ़ा दिया है। विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा कि यह कदम आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है और भाजपा मुस्लिम मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रही है। कुछ लोग इसे सरकार की अच्छी पहल बता रहे हैं, तो कुछ इसे राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास मान रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की का कहना है कि बिहार में चुनाव हैं इसलिए भाजपा मुस्लमानों को लुभाने का काम कर रही है। पहले भी देश में 10 वर्ष से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और प्रदेश में 8 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन कभी भी भाजपा ने मुस्लमानों के हित की बात नहीं कही। भाजपा ने जितने अत्याचार किए हैं उन्हें मुस्लमान कभी भूल नहीं सकता।सपा, बसपा, कांग्रेस भी इसी प्रकार से प्रधानमंत्री के इस प्रयास की आलोचना कर रही है। भले ही विरोधी दल इसकों किसी भी नजर से देख रहे हो पर एक सच्चा नेता जो कार्यकताओं, अंधभक्तों या भक्तों की परवाह किए बिना निर्णय लेने का साहस दिखाता है। अगर इस परिभाषा को एक कसौटी के तौर पर देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे नेता के वाजिब और सराहनीय उदाहरण हैं। उनका ताजा फैसला साहस दिखाता है। अगर चरम इस्लामोफोबिया, देश के सामने आने वाली सभी समस्याओं/चुनौतियों के लिए मुसलमानों को जिम्मेदार ठहराना अतिवादी हिंदुत्व की निशानी माना जाता है, तो प्रधानमंत्री मोदी ने बिल्कुल भी परवाह नहीं की। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कई अन्य नेता हाल ही में हिंदुत्व कट्टरपंथियों के क्रोध का शिकार हुए हैं। इफ्तार खाना। इन लोगों को और कई अन्य लोगों को हिंदुत्व जलपाका की कठबोली बहती दिख रही है। कई मुसलमान रमजान के दौरान सख्त उपवास रखते हैं। इफ्तार उनकी रिहाई का सामूहिक उत्सव है। उपवास खजूर, फल, मिठाई और मांस का सेवन करके मनाया जाता है। इसमें भाजपा नेताओं सहित बड़ी संख्या में अन्य धर्मों द्वारा भाग लिया जाता है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों से, भाजपा नेताओं ने इससे परहेज किया है। लेकिन इस बार इसे मोदी द्वारा इस्लाम के करीब लाया जाएगा। भाजपा नेताओं को अब जलपाकों से डरने की जरूरत नहीं होगी। दिलचस्प बात यह है कि देश के लाखों गरीब मुसलमानों के लिए प्रधानमंत्री की विशेष यात्रा में इफ्तार घटकों को भी शामिल किया जाएगा। यह कदम, निश्चित रूप से, भाजपा और इस्लाम के बीच बढ़ती खाई को पाटने में महत्वपूर्ण है।

कुछ समय पहले तक, देश भर में जीवन के सभी क्षेत्रों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच एक भी मुस्लिम नहीं होने के लिए भाजपा की आलोचना की गई थी। विपक्ष को अतीत में ऐसा करने का मौका नहीं मिल सकता है। अतीत में, भाजपा ने मुसलमानों को करीब लाने की कोशिश की है। पसमांदा का अर्थ है 'पीछे छोड़ दिया' या 'पीछे छोड़ दिया'। हमने मुसलमानों को तीन समूहों में विभाजित किया है। 'अशरफ' का अर्थ है उच्च जाति या पारिवारिक मुस्लिम, अजलाफ का अर्थ है पिछड़ी जाति और अरजल का अर्थ है दलित। अंतिम दो समूहों के मुसलमानों को 'पसमांदा' माना जाता है। जिस तरह हिंदू धर्म के 'अन्य पिछड़े' (ओबीसी) भाजपा के करीब थे, मोदी ने खुद तीन साल पहले हैदराबाद में भाजपा के सम्मेलन में अपनी पार्टी को अपनी सलाह दी थी। यह उतना सफल नहीं था। यह भाजपा का प्रयास होगा। एक समय कांग्रेस ऐसा करती थी। मुसलमानों को विशेष आर्थिक सहायता प्रदान करना उनका निर्णय था ताकि वे हज कर सकें। और कई कांग्रेस नेताओं ने उनके इफ्तार खाना में भाग लिया यह दिखाने के लिए कि वे कितने इस्लाम-अनुकूल थे। ताकि पार्टी और उसके कई नेताओं पर मुसलमानों को लाड़ प्यार करने का आरोप लगे।

# नववर्ष मेला की प्रतियोगिताओं में सैकड़ों बच्चों ने लिया भाग

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति मथुरा प्रतियोगिता विभाग के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में गुरुवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं के परिणाम और पुरस्कार वितरण 29 मार्च शनिवार को सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित नवसंवत्सर मेला में दिए जायेंगे।

नवसंवत्सर 2082 (हिंदू नववर्ष) के उपलक्ष्य में नववर्ष मेला समिति के प्रतियोगिता विभाग द्वारा जूनियर और सीनियर वर्ग में विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। इसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। मेंहदी प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में बहनों ने मंगल कलश और सीनियर वर्ग में नृत्य करते हुए राधाकृष्ण की मनोहारी मेंहदी रचाई। प्रतिभागियों ने पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में पर्यावरण संरक्षण और सीनियर वर्ग में महाकुंभ का विहंगम दृश्य पर मनोहारी पोस्टर बनाकर उनमें रंग उकेरे। रंग भरो प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के रेखा चित्र और सीनियर वर्ग में छत्रपति संभाजी महाराज के रेखा चित्र में रंग उकेरे गए। सामान्य ज्ञान और निबंध प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित की गई। मुकेश शर्मा मीडिया प्रभारी ने बताया कि नवसंवत्सर 2082 की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित विशाल नववर्ष मेला में रंगोली, रूप सज्जा, लोकगीत, एकल और सामूहिक नृत्य, गायन प्रतियोगिताएं होंगी। सभी चयनित प्रतिभागी मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगें। प्रतियोगिताओं के परिणाम और पुरस्कार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मंच से दिए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता पुरस्कार भी दिया जायेगा।

सभी प्रतियोगिताएं प्रभारी एवं मंत्री डॉ० दीपा अग्रवाल, संयोजक हरवीर सिंह, सह संयोजक दीपेश श्रीवास्तव, योगेश कुमार, राजीव पाठक के निर्देशन में हुई। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा, महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव, अनिरुद्ध अग्रवाल, गंगाधर अरोड़ा, समीर बंसल, ललिता अग्रवाल, अनुराधा शर्मा, डा० सीमा मिश्रा, रेखा चूड़ामणि, वृषभान गोस्वामी आदि समिति पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा के आठ साल पूर्ण होने पर गोवर्धन विधायक ने की प्रेस वार्ता



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** भाजपा के आठ साल पूर्ण होने पर गोवर्धन विधायक ने प्रेस वार्ता कर सरकार के कार्यों से आमजन को अवगत कराया साथ ही सपा नेता द्वारा राणा सांगा पर दिए गलत ब्यान को लेकर पार्टी से निष्काषित करने की मांग की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा किये गये कार्यों को देश की जनता के सामने अवगत कराया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जिसमे उन्होने बताया कि मोदी योगी के नेतृत्व में प्रदेश भर में सड़कों का जाल बिछा है, हर घर बिजली पहुंची है, जल्द ही हर घर में पीने को गंगा जल उपलब्ध होगा साथ ही गरीबों को मकान राशन रोजगार उपलब्ध कराये गये, विधायक ने कुम्भ का जिक्र करते हुए कहा कि यह पहला ऐसा महाकुंभ है जिसमे देश की आधी आबादी ने डुबकी लगाई। हाल ही में सपा नेता रामजीलाल सुमन द्वारा महापुरुष राणासाँगा पर दिये विवादित बयान को लेकर कहा किया सपा सरकार को ऐसे नेता को तत्काल पार्टी से बाहर निकालना चाहिए साथ ही ऐसे विवादित नेताओं पर कठोर कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए। इस प्रेस वार्ता में पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर परुशराम सिँह, गोवर्धन चेयरमेन प्रतनिधि मनीष लंबरदार, सोंख चेयरमेन योगेश लंबरदार, वर्तमान मंडल अध्यक्ष कान्हा शर्मा, ज्ञानेन्द्र राणा, श्यामसुंदर उपाध्याय, गिरधारी ठाकुर, पंकज ठाकुर, मोहित सरोज, विष्णु सैनी आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# लापता किसान का शव जंगल में पेड़ से लटका हुआ मिला



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र में एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक एक दिन पहले घर से लापता हुआ था, गुरुवार को उसका शव जंगल में पेड़ से लटकता हुआ मिला। किसान ने आत्महत्या क्यों की फिल्हाल इसका पता नहीं चल सका है। दरअसल ये पूरा मामला थाना हाफिजगंज के गांव बीजामऊ का है, जहां 40 वर्षीय किसान संजीव कुमार एक दिन पहले ही घर से गायब हो गए था। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। परिजनों के मुताबिक गुरुवार सुबह जंगल में जामुन के पेड़ से उसका शव लटका हुआ मिला। गमछे के सहारे संजीव ने फांसी लगाई थी। जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। मृतक संजीव की पत्नी सुमन ने बताया है कि वह अक्सर शांत रहा करते थे। बीते कुछ दिनों से अवसाद में भी थे।

# चौमुहां में रामजी लाल सुमन के बयान पर विरोध प्रदर्शन

वेलकम इंडिया

**मथुरा/चौमुहां।** कस्बा के पसौली रोड चौराहा पर क्षत्रिय समाज द्वारा सपा सांसद रामजीलाल द्वारा राणा सांगा के ऊपर दिए गए विवादित बयान पर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे आझई चौकी जयसिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।इस दौरान रामजीलाल के खिलाफ नारे लगाए गए। राणा सांगा अमर रहे, महाराणा प्रताप अमर रहे के नारे लगते रहे। मेवाड़ के राजा राणा सांगा पर सपा के सदस्य रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा को गद्दार कहे जाने पर बयान का विरोध करते हुए क्षत्रियों ने करणी सेना का समर्थन किया और सत्यपाल सिंह ने अपील करते हुए कहा कि इस तरह के बयानों के विरोध मैं क्षत्रिय समाज के विभिन्न संगठनों को एकजुट होकर विरोध करना चाहिए। इस तरह की मानसिकता के लोग समाज मैं प्रतिस्पर्धा पाने के लिए हमारे पूर्वजों के खिलाफ बयानबाजी कर अपना नाम करना चाहते हैं। यह हमारे पुर्वजों का अपमान है। महाराणा प्रताप युवा संगठन के उपाध्यक्ष राजकुमार सिसोदिया ने कहा कि राजपूत समाज के वीर योद्धाओं की अनेक गाथाएं उल्लेखनीय है सामाजिक संरचनाओं मैं क्षत्रियों का बड़ा योगदान रहा है। सपा के सदस्य रामजी लाल सुमन को क्षत्रिय समाज से माफी मांगनी चाहिए और अपने बयान को वापस लेना चाहिए। भोलू सिसोदिया का कहना है कि हमारे पूर्वज हमारे आदर्श हैं ये लोग वोट बैंक के चक्कर मैं हमारे पुर्वजों को अपमानित कर रहे हैं। गौरव सिसोदिया, चेतन पहलवान, ऊदल सिंह, कल्याण सिंह, राहुल सिसोदिया, भूपेन्द्र सिंह राजपूत, शंकर सिसोदिया, देवी सिंह, सागर सिसोदिया, सोनू सिंह, अनिल सिसौदिया आदि मौजूद रहे।



# अनुराग सखी बाबा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर अखंड हरि नाम संकीर्तन भंडारे का हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/बरसाना।** श्री महल वृंदावन भजन कुटीर में अखंड हरिनाम संकीर्तन समापन पर वैदिक रीति से हवन किया गया। नंदगोपाल सखी ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुराग सखी बाबा की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर संत महंत सम्मान सेवा सैकड़ों लोगों ने भंडारे में प्रसाद पाया। जिसमें बृज में ललितापीठाधीश्वर कृष्णानंद भट्ट जी महाराज और गौरव अविरल शास्त्री जी का अंगवस्त्र फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। बाहर से पधारे महंतों का भी सम्मान किया। उपस्थित जनों में नंदकिशोर जी, अक्षय, दीपू, मोहन दास, नरहरी दास, सुनील चौधरी, भगत जी, देवेंद्र सिंह, सोनू आदि रहे।

# रसोई घरों तक मंडरा रहा नाली के मच्छरों का झुंड

वेलकम इंडिया

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** मौसम के बदलते रुख से ग्राम पंचायतों के वार्डो में मच्छरों के साथ साथ छोटे छोटे कीड़ों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है और ग्राम पंचायत की ओर से मच्छर रोधी दवा फॉगिंग तथा छिड़काव काफी समय से नहीं कराया गया है। इसके कारण मच्छरों की समस्या बढ़ती जा रही है। वैसे तो पूरे ग्राम पंचायत में मच्छरों से लोग परेशान हैं। लेकिन ग्राम पंचायत बर्डपुर नं0-7 के टोला परसपुर में लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। रमजान के पवित्र माह में भी नालियों की साफ-सफाई रोजेदार महिलाओं को खुद करना पड़ता है। गांव वालों का कहना है 6 माह बीत जाते है लेकिन सफाई नहीं होती है, सफाई कर्मी तो आते हैं लेकिन फोटो खींच कर भाग जाते है, कभी दो चार फावड़ा लगायें भी तो कचरा रास्ते में छोड़कर चले जाते है, फिर वह सूखकर उसी नली में वापस गिर जाता है। 5 माह पहले आए सफाई कर्मी से गावों वालों ने दवा छिड़काव के बारे में पूछा कि लगभग दो तीन साल हो गया होगा, लेकिन दवा छिड़काव न होने से नालियों से बदबू आ रहा है।

# राज्य आंदोलनकारी और पूर्व बीडीसी सदस्य खुशहाल सिंह गढ़िया का निधन

वेलकम इंडिया

**कपकोट (बागेश्वर)** राज्य आंदोलनकारी और पोथिंग गांव के पूर्व बीडीसी सदस्य खुशहाल सिंह गढ़िया का निधन हो गया है वह 68 वर्ष के थे उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। राज्य आंदोलनकारी श्री गढ़िया के छोटे भाई हयात सिंह गढ़िया ने बताया कि देहरादून के एक अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली उनका एक बेटा औ ? दो बेटियां हैं। निधन के समाचार से घर औ ? गांव में शोक की लहर दौड़ गई श्री गढ़िया ने पृथक राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



परिवारीजनों के अनुसार गढ़िया की अंत्येष्टि शुक्रवार के प्रातः सरयू औ ? खीर गंगा के संगम पर की जाएगी। उनके निधन पर राज्य आंदोलनकारी कल्याण संगठन के जिलाध्यक्ष पूरन चंद्र पाठक, सचिव कुंदन ऐठानी, वरिष्ठ पत्रकार एवं राज्य आंदोलन में अपनी पत्रकारिता लेखनी के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गणेश चंद्र उपाध्याय, सतीश जोशी, विधायक सुरेश गढ़िया, पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत सिंह भौर्याल, पूर्व विधायकों में ललित फर्शवान, शेर सिंह गढ़िया, जिला पंचायत प्रशासक बसंती देव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षों में हरीश ऐठानी, विक्रम शाही, नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी, ब्लॉक प्रशासक गोविंद दानू, व्यापार मंडल भराड़ी के पूर्व अध्यक्ष शेर सिंह ऐठानी औ ? पूर्व सभासद तनुज तिरुवा ने गहरा शोक जताया है।

# चौमुहां ब्लॉक पर चल रहे त्रिदिवसीय मेले का समापन

वेलकम इंडिया

**मथुरा/चौमुहां।** यूपी सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहे उत्कर्ष के आठ वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे त्रिदिवसीय मेला का समापन हो गया। इस दौरान सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया गया। यहां शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सालय, बाल विकास परियोजना, राशन वितरक, स्वास्थ्य विभाग, स्वयं सहायता समूह, उज्जवला योजना की स्टॉल लगा कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शोभाराम शर्मा ने सभी स्टॉल का निरीक्षण कर जानकारी ली। बाल विकास परियोजना अधिकारी वंदना शर्मा के नेतृत्व में गर्भवती महिला की गोद भराई की। साथ ही कुपोषित बच्चे को पोषण किट प्रदान की गई। शोभाराम शर्मा ने कहा कि सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर चल रहे त्रिदिवसीय मेले का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। सेवा का मतलब जनता की सेवा, हर योजना का लाभ दिलाना, सुरक्षा मतलब जनमानस की सुरक्षा व सुशासन का मतलब है कि एक अच्छा शासन।




# यूपी के साथ देश के विकास को मिली एक नई दिशा:धर्मपाल सिंह

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** केंद्र सरकार के 10 वर्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के अवसर पर सेवा, सुरक्षा और सुशासन के नाम पर तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में प्रशासन द्वारा पिछले आठ वर्षों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को प्रस्तुत किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष 25 मार्च को पूरे हुए थे, इसे भव्य रूप से 25 से 27 मार्च तक मनाया गया। इस दौरान, सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को जनता के सामने प्रस्तुत किया गया, ताकि लोग सरकार के कार्यों की समीक्षा कर सकें। मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा




कि उत्तर प्रदेश देश के विकास को एक नई दिशा दे रहा है। उन्होंने आठ वर्ष पहले की स्थिति की तुलना करते हुए कहा, ह्ययह वही प्रदेश है जहां कभी किसान आत्महत्या करने पर मजबूर होता था। लेकिन सरकार बदलने से व्यापक बदलाव आया है, जो अब स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता है। इस अवसर पर बालिकाओं और महिलाओं के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री धर्मपाल सिंह ने यातायात और सड़क सुरक्षा को लेकर जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते आठ वर्षों में कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं, जो प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन मंत्री धर्मपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर उत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान, जीआईसी ऑडिटोरियम में मौजूद विभागीय अधिकारियों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताया। इसके अलावा सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए, जहां नागरिकों को विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रदेश में सर्वाधिक जीएसटी देने वाली कंपनियों को सम्मानित किया गया, जिनमें वृंदावन बेवरेज प्रा. लि. (दीपक), लक्ष्मी एग्रो इंडिया प्रा. लि. (अरुण), कोरल मोटर्स प्रा. लि. (अजय) शामिल रहे।

# बीएसए कॉलेज के बी.एड. विभाग में भव्य विदाई समारोह संपन्न

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** बीएसए (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के बी.एड. विभाग में अंतिम वर्ष के छात्र-अध्यापकों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के. गोस्वामी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी श्री कृष्ण कुमार शर्मा ,प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के. गोस्वामी, समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मधु त्यागी, अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो डॉ. बरखा अग्रवाल,



भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. रवीश शर्मा ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। इसके पश्चात छात्र-अध्यापकों द्वारा महाविद्यालय के प्रोफेसरों एवं मीडिया कर्मियों का सम्मान शॉल एवं दुपट्टा पहनाकर किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसमें गायन, वादन एवं नृत्य शामिल थे। विशेष रूप से राधा-कृष्ण के सजीव चित्रण पर आधारित नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया और इसे उत्कृष्ट एवं अविस्मरणीय माना गया। मुख्य अतिथि श्री कृष्ण कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में छात्र-अध्यापकों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और समाज में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया, जबकि विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के. गोस्वामी ने उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्रोफेसरगण, जिनमें डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. यू.के. त्रिपाठी, डॉ. खुशवंत सिंह, डॉ. काश देव शर्मा, डॉ. आनंद त्रिपाठी, डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. पंकज कुमार पाठक, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. बृजेश बंसल, डॉ. रुचि अग्रवाल, डॉ अनु गर्ग, डॉ. अंजू माला, डॉ. किरण चौधरी, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. चंद्रेश अग्रवाल, डॉ चंद्रेश सिंह, डॉ नीतू शर्मा, डॉ अनिल कुमार भाटी, डॉ मयूर कौशिक, डॉ नीलम शर्मा डॉ. श्रद्धा गौड़ आदि उपस्थित थे। समारोह का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसमें छात्र-अध्यापकों ने अपने शिक्षकों और महाविद्यालय प्रशासन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# राष्ट्रीय पुस्तक मेले में गीतकार समीर अंजान ने गीतों एवं साहित्य का अनुभव किया साझा

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तक मेले का भव्य आयोजन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम एक शाम समीर अंजान के नाम में 4000 से अधिक गीतों को लिखने वाले प्रख्यात गीतकार समीर अंजान का सम्मान बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति, समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समीर अंजन की पुस्तक ₹लफ्जों के साथ एक सफरनामा₹ का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में समीर अंजान ने अपने जीवन वृतांत का विवरण देते हुए बताया कि हर सफल आदमी की सफलता के पीछे उसका संघर्ष छिपा होता है। अमिताभ बच्चन से लेकर अंबानी तक सभी ने अपने जीवन में संघर्ष किया है। बिना संघर्ष के जो हमें हासिल होता है वह क्षणिक होता है कार्यक्रम में प्रसिद्ध साहित्यकार विवेक मिश्रा ने युवाओं को लिखने के महत्व के बारे में समझाया उन्होंने कहा अपने अंदर की भावनाओं को लेखनी में प्रस्तुत करना ही एक साहित्यकार का मुख्य कार्य होता है हमारे अंदर विचार तो कई आते हैं लेकिन उन्हें शब्दों में पिरोना ही असली कला है। संबोधन के क्रम में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान के अध्यक्ष हरगोविंद कुशवाहा ने कहा लेखक बनना आसान कार्य नहीं है इसके लिए कठिन तपस्या करनी पड़ती है आज तक विश्व भर में जितना भी साहित्य लिखा गया उसमें रामचरितमानस सर्वश्रेष्ठ है जो आदिकाल से भविष्य तक जीवन जीने की कला को दशार्ता है। अगले क्रम में समाजसेवी डॉक्टर संदीप ने कहा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय शिक्षा का अभेद दुर्ग है वर्तमान कुलपति मुकेश पांडे के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने नये आयामों को छुआ है विश्वविद्यालय से पढ़कर कई छात्र छात्राएं आज महत्वपूर्ण पदों पर एवं राजनीति के क्षेत्र में भी जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक उत्कृष्ट मार्गदर्शक का होना भी आवश्यक है मार्गदर्शक के रूप में कुलपति जी ने एक कुशल सारथी की भूमिका निभाई है जिन्होंने शिक्षा रथ पर सवार होकर छात्र-छात्राओं को सही रास्ता दिखाया है। कार्यक्रम में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं आगंतुकों द्वारा करतल ध्वनि के साथ उत्साह वर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में अलग-अलग सत्रों का संचालन क्रमशः प्रो० अचला पाण्डेय, रिचा सेंगर व डॉ० विपिन प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हिंदी विभाग अध्यक्ष मुन्ना तिवारी, कुल सचिव विनय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक राज बहादुर, डॉ० शैलेंद्र तिवारी, डॉ० श्रीहरि त्रिपाठी, नवीन चंद्र पटेल, डॉ० प्रेमलता श्रीवास्तव, डॉ० द्यूती मालिनी, डॉ० आशीष दीक्षित, डॉ० सत्येंद्र चौधरी, डॉ० सुनीता वर्मा, डॉ० आशुतोष शर्मा, डॉ० राघवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## तीसरे दिन विकास उत्सव व मेले का किया गया आयोजन

**बुलंदशहर।** प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रदर्शनी के रविन्द्र नाट्यशाला में तीसरे दिन विकास उत्सव व मेले का किया गया आयोजन। विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टालों का आमजन द्वारा किया गया अवलोकन। महाकुंभ 2025 तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल पर आधारित लघु फिल्म का किया गया प्रदर्शन। इस अवसर पर उन्नति खेती करने वाले कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।



## डीएम ने वेयर हाउस में संरक्षित ईवीएम मशीनों के बारे में निरीक्षण कर ली जानकारी



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** गुरुवार को जिलाधिकारी श्रुति ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयर हाउस का आंतरिक निरीक्षण करते हुए वेयर हाउस में संरक्षित मशीनों के बारे में जानकारी ली गई। वेयर हाउस में निर्वाचन में प्रयोग हुई ईवीएम मशीनों को संरक्षित किया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अभिषेक सिंह, उप जिलाधिकारी सदर नवीन कुमार, तहसीलदार सहित सम्बंधित अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एन एच एआई की आड़ में अवैध मिट्टी खनन माफियाओं के द्वारा प्लाटिंग में किया जा रहा भराव



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में खाकी और खादी के संरक्षण में बहुत बड़े पैमाने पर डंपर और जेसीबी मशीन के द्वारा एनएच एआई की आड़ में मिट्टी खनन माफिया बहुत बड़े पैमाने पर प्लॉटिंगों में कर रहे भराव। जिला खनन अधिकारी कार्यवाही करने के नाम पर बने हल्कान।आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में मिट्टी खनन माफिया के द्वारा जेसीबी मशीन और डंपरों से एन एएचआई की आड़ में प्राइवेट प्लॉटों का बहुत बड़े पैमाने पर भराव करने के साथ राजस्व विभाग को प्रतिदिन लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। वहीं अवैध प्लाटिंग में मिट्टी फैलाने वाले मशीन चालक का कहना है कि आप चाहे जिला प्रशासन के किसी भी अधिकारी से शिकायत करें। आप हमारा कुछ भी नहीं बिगाड़ पाओगे। चूंकि यह गोरखधंधा सफेद पोश सत्ता पक्ष के लोगों से जुड़ा हुआ है।अपना तो गोरख धंधा यूं ही चलता रहेगा।

## बैलोंन में नवरात्रि मेला से पहले सफाई व्यवस्था को किया गया दुरुस्त



**रामघाट/बुलंदशहर/** बेलौन में नवरात्रि से पूर्व गांव के रास्ते तथा नालियों में भरी गंदगी की खबर अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने पर प्रशासन ने गांव में सफाई अभियान चलाकर कराई सफाई जनता ने अखबार का आभार व्यक्त किया है। आपको बता दें थाना नरौरा क्षेत्र बेलौन में नवरात्रि की तारीख 30 मार्च नजदीक आने पर भी नालियों में भरी गंदगी व रास्ते की साफ–सफाई न करने की खबर अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित कराई गई थी जिस खबर को पढ़कर डिबाई के खंड विकास अधिकारी विनोद शर्मा ने संज्ञान में लेते हुए एडीओ पुनीत कुमार के नेतृत्व में दर्जनों सफाई कर्मियों को ड्यूटी पर लगाकर गली मोहल्ले चौराहों की रास्ता व नालियों में भरी पड़ी गंदगी की सफाई कराई गई है जिससे जनता ने मीडिया कर्मी जेपी गौतम का आभार व्यक्त किया है।

## हनी ट्रेप के मामले में फंसा कर वसूली करने वाली महिला सहित दो लोगों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए सीधे-साधे भोले भाले युवाओं को अपनी लच्छेदार बातों में उलझा कर हनी ट्रेप के मामले में फंसा कर वसूली करने वाले गैंग की महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है ।बता दे कि जनपद में युवाओं को फोन कर अपनी लच्छेदार बातों में फंसा कर हनी ट्रेप का आरोप लगा कर युवाओं से वसूली करने वाला गिरोह सक्रिय है। जिसमें ऐसे ही एक मामले में गढ़मुक्तेश्व पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए अपनी तेज तर्रार पुलिस टीम के साथ हनी ट्रिप के मामले में वसूली करने वाले गैंग की महिला एशिया पत्नी इमरान निवासी बामन खेड़ी थाना हसनपुर अमरोहा, एवं जाहिद पुत्र मुन्ने मौहल्ला आदर्श नगर कस्बा गढ़ मुक्तेश्वर को 40200 रुपए की नगदी सहित गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया पेश।

## दुग्ध के टैंकर की चपेट में आकर ब्रेड कारोबारी की हुई मौत,हंगामा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत डेरी क्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के दुग्ध से भरे टैंकर की चपेट में आकर मोपेड सवार ब्रेड कारोबारी बहादुरगढ़ निवासी लाल सुभाष की हुई दर्दनाक मौत से मचा हड़कंप। उत्तेजित दुकानदारों ने बाजार बंद कर ग्रामीणों के साथ ब्रेड कारोबारी के शव को दुग्ध प्लांट के गेट पर रखकर आर्थिक मदद की मांग करते हुए जमकर किया हंगामा। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बहादुरगढ़ पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे से लेने में लेने का प्रयास किया। लेकिन आक्रोशित भीड़ को देखते हुए बहादुरगढ़ पुलिस को सिंभावली,गढमुक्तेश्वर पुलिस फोर्स को भी मौके पर बुलाना पड़ा। जिसमें लगभग 2 घंटे की कड़ी मस्कत के बाद पुलिस फोर्स और आक्रोशित भीड़ के बीच आपसी सहमति बनने पर पुलिस ने मृतक युवक ब्रेड कारोबारी लाल सुभाष के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू की।

## सपा नेता रामजीलाल सुमन के आपत्तिजनक बयान पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने जताया कड़ा विरोध

**वेलकम इंडिया**



**झांसी ।** समाजवादी पार्टी के नेता रामजीलाल सुमन द्वारा राज्यसभा में महान वीर योद्धा राणा सांगा के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी एवं क्षत्रिय समाज के विरुद्ध दिए गए बयान को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने कड़ी आपत्ति जताई है। महासभा के जिला कार्यालय पर आयोजित एक आपातकालीन बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के मुख्य आतिथ्य और जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह राजावत की अध्यक्षता में इस विषय पर गहन चर्चा हुई। बैठक का संचालन महानगर अध्यक्ष विक्रम सिंह राजावत ने किया, जिन्होंने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उपस्थित क्षत्रिय नेताओं ने इस प्रकार के बयान को घोर आपत्तिजनक बताते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से तुरंत कार्रवाई की मांग की। महासभा ने स्पष्ट किया कि यदि समाजवादी पार्टी अपने नेता के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं करती, तो यह सिद्ध होगा कि सपा क्षत्रिय विरोधी मानसिकता रखती है।

बैठक में उपस्थित क्षत्रिय नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से भी अनुरोध किया कि रामजीलाल सुमन को राज्यसभा से निष्कासित किया जाए, क्योंकि उनका बयान केवल क्षत्रिय समाज ही नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र की महान विरासत और पराक्रमी इतिहास का अपमान है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भूपेंद्र सिंह परिहार, रामस्वरूप सिकरवार, मृत्युंजय परिहार, लोकेंद्र परिहार, यशपाल सिंह, प्रदीप चौहान, बृजेंद्र राठौर,, दीपक सिंह हसारी, देवेंद्र सेंगर, अजय सिंह राजगढ़ सहित अन्य गणमान्य क्षत्रिय उपस्थित रहे। क्षत्रिय महासभा ने चेतावनी दी कि यदि इस विषय पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो समाज उचित कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। महासभा क्षत्रिय समाज की अस्मिता और सम्मान के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।

## नगर पालिका परिषद शिकारपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया**




**डीके निगम । शिकारपुर/बुलंदशहर/**उत्तरप्रदेश प्रदेश सरकार के ₹सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद शिकारपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेयरमैन नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा उत्तरप्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनायें दी तथा सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया ।साथ ही चेयरमैन राजबाला सैनी अधिशासी अधिकारी सुश्री नीतू सिंह ने नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं स्वच्छ भारत मिशन 2.0,मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना,पेयजल योजना,मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना,कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना,शहरी क्षेत्रों में अंत्येष्टि स्थल विकास,पार्कों का निर्माण एवं विकास ( उपवन योजना ),प्रधानमंत्री आवास योजना,पी.एम. स्वनिधि योजना,वंदन योजना आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी तथा चेयरमैन द्वारा विभिन्न योजनान्तर्गत नगर शिकारपुर में विकास कार्य मौहल्ला कोटशेर खाँ स्थित पुस्तकालय का निर्माण कार्य,मेरठ-बदायूं मार्ग पर निमार्णाधीन कान्हा गौशाला, मौहल्ला कोटशेरखाँ में अम्बेडकर पार्क से केनरा बैंक तक नाला निर्माण कार्य,मौहल्ला नौगंज अग्रसेन चौक से बड़ा महादेव मन्दिर तक नाला निर्माण कार्य, दौज वाले तालाब का सौन्दर्यकरण, वार्ड नंबर 6 मोहल्ला मुफ्तीवाडा इकबाल के मकान से राकेश के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य,पेयजल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन बिछाने का कार्य,वाटर कूलर स्थापना का कार्य आदि कार्यों की विस्तृत रूप से अवगत करायो साथ ही पालिका द्वारा स्थापित 05 वाटर कूलर व मेरठ बदायूं मार्ग पर कट्टीघर से वाल्मीकि चौक तक काली सड़क व अन्य निर्मन कार्यों का लोकार्पण भी किया गया।

## ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षाफल में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल मवीकलां में वार्षिक परीक्षाफल वितरण और मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में खेकड़ा ब्लॉक प्रमुख प्रविन्द्र धामा ने मुख्य अतिथि, ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल घिटोरा के प्रबन्धक रामकुमार शर्मा ने अति विशिष्ट अतिथि, श्री महादेवी इंटर कॉलिज गौना के प्रबन्धक विरेन्द्र यादव, सीडीएस पब्लिक स्कूल हसनपुर मंसूरी के प्रधानाचार्य संतकुमार धामा व अन्तर्राष्ट्रीय अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल के प्रधानाचार्य ब्रिजेश कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों को माला, पटका व पगड़ी पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ब्रिजेश कुमार शर्मा ने अपने सम्बोधन में बताया कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्कूल ने अच्छा प्रदर्शन किया ओर स्कूल के शत प्रतिशत बच्चे अच्छे अंकों के साथ पास हुए। सम्मान समारोह में कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को मेड़ल पहनाकर व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। नर्सरी में सुहान ने प्रथम, मानवी ने द्वितीय, वान्या ने तृतीय, एलकेजी में अवनी ने प्रथम, कुनाल ने द्वितीय, अब्दुल ने तृतीय, यूकेजी में हर्षित ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय, संयम ने तृतीय, पहली कक्षा में राधिका ने प्रथम, भूमि ने द्वितीय, नीति ने तृतीय, दूसरी कक्षा में पूर्वी ने प्रथम, रियांश ने द्वितीय, तनिष्क ने तृतीय, तीसरी कक्षा में देव ने प्रथम, गुंजन ने द्वितीय, एलीकशा ने तृतीय आदि मौजूद रहे।

## खाटू श्याम भजन संध्या में पूरी रात झूमते रहें श्याम भक्त

**वेलकम इंडिया**





**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के राजस्थान अतिथि गृह में बीती देर रात श्याम महोत्सव का आयोजन हुआ। भजन संध्या में गायकों ने खाटू श्याम की महिमा का बखान किया। पूरी रात श्याम भक्त झूमते रहें। दूसरे दिन सुबह पांच बजे आरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ। फूलों से खाटू श्याम का भव्य व दिव्य दरबार सजाया गया। महोत्सव में सबसे पहले आयोजन में संरक्षक मंडल के सदस्य रतन मित्तल व उनकी पत्नी किरन मित्तल ने यजमान की भूमिका निभाई। नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल व उनके पति रवि अग्रवाल ने आरती की। खाटूधाम के भजन गायक पप्पू शर्मा ने भजन संध्या का शुभारम्भ किया। सबसे पहले आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, भजन प्रस्तुत किया। इसके साथ ही पांडाल में मौजूद सभी भक्त तालियों के साथ अपनी सहभागिता करने लगे। हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा का जयघोष से पंडाल गूंज उठा। नृत्य नाटिका के कलाकारों ने गणेश, हनुमान व राधाकृष्ण की सुन्दर व मनमोहक झाकियां निकाली। बहराइच के नानपारा से आये भजन गायक कुमार शानू ने दुनिया चले न श्रीराम के बिना रामजी चले न हनुमान के बिना भजन सुनाया। सूर्य की लालिमा के साथ ही खाटू श्याम की आरती की। प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। श्याम भक्तों के लिए आयोजन मंडल ने खाटू श्याम धाम से निशान ( ध्वज ) मंगवाया था। उसका वितरण किया गया। इस दौरान सतीश मित्तल, मुकेश पोद्दार, संजय मित्तल, मनोज पोद्दार, मयंक पोद्दार, सौरभ बोरा, चंचल मित्तल, श्यामू लाठ, तुषार अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, कान्हा मित्तल, सोनू अग्रवाल, सुनील शर्मा, नीरज पोद्दार, विकेश अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# सरकार ने तीन साल में विकास के नए आयाम स्थापित किए : पार्वती दास



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर गरुड़ विकासखण्ड मुख्यालय में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए विधायक पार्वती दास ने कहा कि प्रदेश सरकार ने तीन साल के कार्यकाल में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस मौके पर 126 शिकायतें दर्ज की गई। विकासखंड मुख्यालय में आयोजित शिविर में विधायक पार्वती दास ने कहा कि गरुड़ में प्रत्येक गांव में सड़क पहुंच गई है। विशिष्ट अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि धामी सरकार ने विकास का नया इतिहास बनाया है। उन्होंने कहा कि आज गरुड़ हेली सेवा से जुड़ गया है। यह विकास का ताजा उदाहरण है। जनसभा को संबोधित करते हुए दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने राज्य सरकार के पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं और नकल विरोधी कानून लाकर उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार हर घर तक पेयजल पहुंचाने और हर गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए तेजी से काम कर रही है। गरुड़ क्षेत्र में हेली सेवा शुरू होने को उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि बताया, जिसकी पहले किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह दशक उत्तराखंड के विकास के लिए स्वर्णिम होगा और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी से प्रदेश को अग्रणी बनाने में सहयोग करने की अपील की और अधिकारियों को शिविर में आई समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक पार्वती दास ने भी सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए युवा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए गए प्रयासों को अभूतपूर्व बताया। इस मौके पर आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में विभिन्न स्टालों एवं चिकित्सा शिविरों समेत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को आम जनमानस तक पहुंचाया गया। शिविर में दर्ज अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही तुरंत निस्तारण किया गया। शिविर में तेरह 13 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी किए गए। समूह की महिलाओं को 4 करोड़ 68 लाख के चैक वितरित किए गए। पांच महिलाओं को लक्ष्मी किट बांटे गए। सहकारिता विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल किसान कल्याण योजना के तहत तीन किसानों को शून्य ब्याज दर पर मध्यकालीन ऋण के चेक वितरित किए।

# उ0प्र0 सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने पर चल रहे भव्य कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** . उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार की तीन दिवसीय कार्यक्रम के क्रम में आज चिंगरावठी में बुलंदशहर के ऊंचागांव ब्लॉक के पंचायत सहायकों को अपने कार्यों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपलक्ष्य में विधायक देवेंद्र लोधी व ब्लॉक प्रमुख ऊंचागांव और अधिकारी गणों ने पंचायत सहायकों को शाल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा गांव जरिया आलमपुर में मुख्यमंत्री आवास योजना की लाभार्थी श्रीमती रामेश्वरी देवी जी को शॉल, प्रशस्ति पत्र व इनको अपने घर की चाबी देकर सम्मानित किया जो भारत कुमार पंचायत सहायक जरिया आलमपुर के द्वारा सरकार की डिजिटल प्रणाली के अंतर्गत सुशासन को बेहतर बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग तथा शासन में पारदर्शिता व भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और शासन की दक्षता बढ़ाने की और एक महत्वपूर्ण कदम है भारत ने बताया कि -तकनीक शासन को अधिक कुशल पारदर्शी और जनहितकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और डीबीटी के प्रयोग को भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए एक गेमचेंजर बताया।

## कांग्रेस के पूर्व सांसद ने भाजपा सरकार की नाकामियों पर साधा निशाना




वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामियां किसी से छिपी नही हैं, इस सरकार में आमजन को सपने दिखाकर ठगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 सालों से लगभग सभी सरकारी परीक्षाओं के परचे लीक हुए हैं और कई ऐसी परीक्षाएं भी है जिनके परिणाम आज तक सरकार घोषित नहीं कर पाई है।

निजी क्षेत्र में नए निवेश न होने के कारण युवाओं के लिए नौकरियां नहीं मिल पा रही है, उन्होंने आगे कहा कि 7 दिसंबर 2024 से नरेगा मजदूरों की 100 करोड़ से अधिक की मजदूरी बकाया है, होली बीत गई है और ईद आने वाली है, लेकिन इस संवेदनहीन सरकार ने मजदूरों को कोई भी त्यौहार मनाने का हक नहीं दिया है। पूर्व सांसद ने कहा कि यह आम बात है कि प्रदेश में मजदूरी समय से नहीं मिलती है और अक्सर मजदूर भुखमरी की कगार पर पहुंच जाते हैं, किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई मगर उनकी लागत जरूर बढ़ गई है, जिससे वह जितना कमा रहे थे अब उतना भी नहीं कमा पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इन्वेस्ट यूपी के कर्णधार आई ए एस अभिषेक प्रकाश कमीशन खोरी में पकड़े गए, सच यह है कि पूरे प्रदेश का कोई भी ऐसा विभाग नहीं है जहां बिना घूसखोरी, कमीशन खोरी के बिना काम हो रहा हो। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गुरुजी डॉक्टर के बी त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन ईलयास अंसारी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हाजी इस्लाम बब्बू, जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी, महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, जिया उर रहमान, सुरेश बाल्मीकि, मुकेश बाल्मीकि, सुरेश दिवाकर, तबरेज खान, तीरथ मधुकर, कमरुद्दीन सैफी आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## श्रीराम पब्लिक स्कूल के सात व दीनदयाल के पांच छात्र-छात्राओं का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन



**गरुड़।** श्रीराम पब्लिक स्कूल बिनखोली के छात्र देव भंडारी, आदित्य चंद्र, मानवी गोस्वामी, जीविका गोस्वामी, रवि, गौरव गोस्वामी, मनीष नाथ का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए हो गया है। इसके अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्या मंदिर गागरीगोल की छात्रा मिहिका जोशी, हर्षित बरोलिया, आरुषी भरड़ा, कशिश, यश कुमार ने भी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर श्रीराम पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक भैरव नाथ गोस्वामी, दीनदयाल के प्रबंधक विनोद कांडपाल समेत शिक्षकों, अभिभावकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## रंजिश में चार युवकों के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला, चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव ढुढार में तीन दिन पूर्व चार युवकों के साथ मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज किया है। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर सभी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी महिला बेबी पत्नी सेठपाल ने गत दिवस बुधवार की शाम को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसके पुत्र विकास के साथ गांव का ही पिंटू पुत्र सुंदर रंजिश रखता है। रंजिश के चलते आरोपियों ने कई बार पीड़ित के पुत्र के साथ गाली गलौज वह मारपीट की है।

आरोप है कि एक दिन पूर्व आरोपी ने अपने कई साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के पुत्र को पकड़ लिया था और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी किसी तरह पीड़ित के पुत्र ने भाग कर अपनी जान बचाई थी। बुधवार की शाम को आरोपी पिंटू ने अपने भाई सावन अपनी माता ममता एवं गांव के ही शिवम के साथ मिलकर उसके पुत्र को पकड़ लिया और उसके साथ लाठी डंडे एवं लोहे के पाइप से जानलेवा हमला करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। जब उसके पुत्र को छुड़ाने के लिए प्रतीक पुत्र प्रमोद, विशाल पुत्र राजपाल, एवं विशाल पुत्र विक्रम छुड़ाने लगे तो आरोपियों ने उनके भी साथ लाठी डंडे एवं ईंट पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया था। परिजनों ने चारों घायलों को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए जांच पड़ताल कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## राम मंदिर वार्ड में रेंगता दिखा धामन प्रजाति का सांप



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** राम मंदिर वार्ड में उस समय हड़कंप मच गया जब रास्ते में धामन प्रजाति का एक सांप रेंगता हुआ दिखाई दिया। यह सांप आने-जाने वाले लोगों के लिए खतरा बन सकता था और लोगों के घरों में भी घुस सकता था, लेकिन सभासद अंकित जोशी की सतर्कता और त्वरित निर्णय से एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया है।

सभासद जोशी को अपने वार्ड में सांप रंगने की जैसे ही जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल वार्डवासियों को सतर्क किया और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सावधान रहने की अपील की। उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग की टीम तुरंत हरकत में आई। वन दरोगा नवल भंडारी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उचित सुरक्षा उपायों के साथ सांप को रेस्क्यू कर पकड़ लिया और जंगल में छोड़ दिया गया। वार्डवासियों ने सभासद अंकित जोशी की सतर्कता और त्वरित निर्णय की खूब सराहना की।

इधर वन क्षेत्राधिकारी बैजनाथ महेंद्र सिंह गुसाई ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि वे इस तरह की किसी भी घटना का सामना करें तो शीघ्र वन विभाग को सूचित करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके।

## नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों का बीआरसी नेकपुर पर हुआ भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** भगतपुर-टांडा ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से तीन मेधावी छात्रों का नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में चयन होने पर बीआरसी नेकपुर में उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके विद्यालयों के शिक्षकों और अभिभावकों की सराहना की। चयनित विद्यार्थियों में कम्पोजिट विद्यालय रुस्तमपुर तिगरी की छात्रा गुलफिजा, प्राथमिक विद्यालय खपरैल की मिलक के छात्र आफताब



आलम, और प्राथमिक विद्यालय बढ़पुरी मझरा कुरी के छात्र हिमांशु शामिल हैं। इस उपलब्धि पर गुरुवार को बीआरसी नेकपुर में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहाँ खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने गुलफिजा को एक दिन के लिए बीईओ (खंड शिक्षा अधिकारी) के रूप में दायित्व सौंपकर उसे प्रोत्साहित किया। समारोह में सम्बंधित विद्यालययों के शिक्षक उस्मान अली, कुंवर प्रताप, दीपक कुमार और रामप्रसाद सहित डॉक्टर रईस आलम आदि उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह सफलता परिश्रम, समर्पण और मार्गदर्शन का परिणाम है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया




**कांधला। मोहसीन रहमानी।** उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद के सभागार में व्यापारियों का सम्मान समारोह एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों व्यापारियों को नगर पालिका परिषद के द्वारा सम्मानित किया गया इस मौके पर सभासद गण एवं कर्मचारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम एवं अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार के द्वारा सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में व्यापारियों एवं नगर के लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया। पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने नगर के दर्जनों व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नगर के व्यापारी सैनी घेवर वाले राजेश सैनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार व्यापारियों के हितों के लिए अच्छा कार्य कर रही हैं। पूर्व की सरकार में व्यापारियों को रंगदारी देनी पड़ती थी गुंडो को टैक्स देना पड़ता था योगी सरकार में व्यापारी भय मुक्त होकर अपना व्यापार कर रहे हैं। इस मौके पर नगर के दर्जनों लोग एवं सभासद गण, और कर्मचारी मौजूद रहे।

## महाविद्यालय की छात्राओं ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सूरजकुंड मंदिर रायजादगान मोहल्ला मलिन बस्ती में आयोजित हुआ। शिविर का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बृजभूषण के करकमलों से हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें-उठें, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे - जगे' से शिविर की शुरूआत हुई। डॉ बृजभूषण ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं इसके महत्व को रेखांकित किया। इसके उपरांत स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जन जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा रैली निकाली, जो सूरजकुंड मंदिर के रायजादगान मोहल्ले से निकलकर हीरालाल शिव मंदिर होते हुए गुजरान मोहल्ला पर संपन्न हुई। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता अभियान चला कर साफ सफाई की। इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ और छात्राएं मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान के पुत्र ने स्वर्ण पदक जीत कर किया गांव का नाम रोशन

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव भारसी निवासी ग्राम प्रधान संदीप पवार के पुत्र हर्ष पवार ने स्वर्ण पदक जीतकर जनपद सहित अपने गांव का नाम रोशन किया है। स्वर्ण पदक जीतने पर गांव में खुशी का माहौल है। विकासखंड क्षेत्र के गांव भारसी निवासी संदीप पवार लगातार दो योजनाओं से ग्राम प्रधान है। ग्राम प्रधान विभिन्न तरह के खेलों में रुचि रखते हुए गांव के युवाओं को प्रशिक्षण देते हैं। ग्राम प्रधान संदीप पंवार के पुत्र हर्ष पंवार ने आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने -69 किग्रा वर्ग में अपना स्वर्ण पदक जीता। अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय खेल (किकबॉक्सिंग) का आयोजन सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा 21 मार्च 2025 से 25 मार्च 2025 तक किया गया। इस चैंपियनशिप में पूरे भारत से 90 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया था। इसे पूरा भी ग्राम प्रधान के पुत्र हर्ष पवार ने कई बार गांव का नाम रोशन करते हुए गोल्ड मेडल जीते हैं। और देश प्रदेश सहित विदेशों में भी पहुंचकर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। इस दौरान स्वर्ण पदक जीतने पर गांव में खुशी का माहौल है।

## दिन निकलते ही हाइवे किनारे गोली लगा शव मिलने से फैली सनसनी

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे के किनारे कस्बा एलम निवासी एक किसान के खेत में बनी ट्यूबवेल के समीप 25 वर्षीय युवक का गोली लगा शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आरोपियों ने युवक की हत्या कर पहचान मिटाने के लिए शव के ऊपर पेट्रोल डालकर जलाने का भी प्रयास किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त नहीं होने पर पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज



दिया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए मृतक के शरीर का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी किसान अभिनव उर्फ निशु के खेत दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे के किनारे हैं किसान गुरुवार की सवेरे अपने खेत पर कार्य करने के लिए गया था। किसान के अनुसार जैसे ही वह अपने ट्यूबवेल के समीप पहुंचा तो एक युवक का शव पड़ा हुआ था और उसमें आग लगी हुई थी। किसान ने घटना की जानकारी तुरंत डायल 112 पुलिस को दी। दिन निकलते ही गोली लगा शव मिलने की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और क्षेत्र में भी सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर तुरंत थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस के उच्च अधिकारियों को दी। जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर एडिशनल एसपी संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह भी पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर घंटों शिनाख्त का प्रयास किया। घंटों प्रयास के बाद भी मृतक युवक की कोई भी पहचान नहीं हुई, घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच पड़ताल करते हुए मृतक युवक के शरीर का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए।



# भाकियू अधिकार संगठन के प्रदेश महासचिव जिलाध्यक्ष सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने गलत नीतियों के कारण संगठन छोड़ा

**वेलकम इंडिया**

**रामघाट/बुलंदशहर/** भारतीय किसान यूनियन अधिकार संगठन के प्रदेश महासचिव जिलाध्यक्ष जिला संगठन सहित सैकड़ों पदाधिकारीयों व सदस्यों ने इस्तीफा दें दिया है अपनी सुरक्षा को ध्यान रखते प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

आपको बता दें भारतीय किसान यूनियन अधिकार के संगठन मंत्री दिनेश चंद यादव जिलाध्यक्ष बुलंदशहर गजेंद्र यादव प्रदेश महासचिव पुष्पेंद्र उर्फ उपेंद्र कुमार राष्ट्रीय महासचिव शिवकुमार कुमार यादव टीम ने सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने संगठन से दिया इस्तीफा और संगठन के पदाधिकारी ने संगठन के प्रति नारेबाजी की व्यक्त संगठन की गलत नीतियों के कारण इस्तीफा दिया गया है साथ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि आने वाले समय में डर भी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा भविष्य में हमें बनावटी मुकदमा षड्यंत्र के तहत फसाने की धमकी दी है शासन प्रशासन से हमारी अपील है हमारी मदद करें।



## संकटा देवी चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, 100 चालान

**मोहम्मद असलम।** लखीमपुर में यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया। एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर सीओ ट्रैफिक शिवम कुमार के नेतृत्व में संकटा देवी चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया गया। बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग समेत अन्य नियम तोड़ने पर 100 चालान काटे गए। प्रशासन ने नियमों के पालन की अपील की।



# केंद्र एवं प्रदेश की सरकार द्वारा औद्योगिक व्यापारिक क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है : सुरेश अग्रवाल

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** एमजी पॉलीटेक्निक के प्रांगण में प्रायोजित केंद्र के 10 साल उत्तर प्रदेश के 8 साल डबल इंजन सरकार बेमिसाल के भव्य आयोजन समारोह में फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम में भाग लिया गया। कार्यक्रम में सुरेश अग्रवाल ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार द्वारा औद्योगिक व्यापारिक क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है व्यापारियों की सुविधा हेतु सुरक्षा सुशासन एवं दृढ़ इच्छा शक्ति उत्कृष्ट योजनाएं एवं धरातल पर सफल क्रियान्वन से सुरक्षा सुशासन व्यापारी का मान सम्मान हर कार्यक्रम का ध्यान रखा जा रहा है प्रदेश में अंतोदय से सर्वोदय का लक्ष्य या युवा उद्यमी योजनाएं मुख्यमंत्री रोजगार योजना एवं हर समाज के कल्याण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न आयोजन किया जा रहे हैं इस मौके पर जीएसटी डिपार्मेंट के उपायुक्त आरके सिंह जी उपायुक्त पीके गुप्ता आयुक्त मयंक जैन एवं गजराज सिंह तथा नीरज कुमार सत्यवान सिंह जगदीश प्रसाद जी देशराज सिंह जी आदि के अलावा फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल के शैलेंद्र शर्मा ओमप्रकाश जी वर्मा और देवकीनंदन वर्मा बंटू भैया योगेश बंसल सुनील अग्रवाल बॉबी पंडित एवं अन्य व्यापारी गणो ने कार्यक्रम में सहभागिता की तथा विभिन्न स्थानों पर जाकर कार्यक्रम के विषय में जानकारी प्राप्त की सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए शासन प्रशासन को धन्यवाद दिया गया।

# मूवी लवर के लिए आमिर खान ने लॉन्च किया 'आमिर खान टॉकीज'

**वेलकम इंडिया**




अभिनेता आमिर खान ने अपने प्रोडक्शन हाउस का यूट्यूब चैनल 'आमिर खान टॉकीज' लॉन्च करने का ऐलान किया है। यह चैनल खासकर उन लोगों के लिए है, जो फिल्मों की दुनिया को करीब से जानना चाहते हैं। यहां पर्दे के पीछे की अनदेखी कहानियां, शूटिंग के मजेदार किस्से और फिल्मों को लेकर गहरी चर्चाएं देखने को मिलेंगी। इस चैनल पर सिर्फ फिल्मों के बनने की कहानी नहीं, बल्कि एक्टर्स की बातें, ग्रुप डिस्कशन और फिल्ममेकिंग पर खुलकर चर्चा भी होगी। आमिर खान प्रोडक्शंस से जुड़े कलाकार अपने अनुभव बताएंगे, जिससे फैन्स को सिनेमा के अंदर की दुनिया को और करीब से समझने का मौका मिलेगा। इस प्लेटफॉर्म के जरिए लोग सिर्फ फिल्म बनाने की बारीकियां नहीं सीखेंगे, बल्कि इसकी कलात्मकता और तकनीकी कमाल को भी महसूस कर पाएंगे। अभिनेता आमिर खान अपने यूट्यूब चैनल के बारे में कहते हैं यह एक ऐसी जगह होगी, जहां स्टोरीटेलिंग और रियलिटी का मिलन होगा। यहां आपको पर्दे के पीछे के अनदेखे लम्हों से लेकर उन फिल्मों पर गहरी बातचीत तक सब कुछ मिलेगा, जिन फिल्मों ने हमें पहचान दी है। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने 30 साल के कैरियर में अपनी फिल्मों से हमेशा लोगों का दिल जीता है। शानदार एक्टिंग के अलावा, प्रोड्यूसर के तौर पर भी उन्होंने आमिर खान प्रोडक्शंस के जरिए कई सुपरहिट फिल्में दी हैं, जो सिनेमा की दुनिया में नया मुकाम बना चुकी हैं।

# बाल मेला मे छात्राओं ने बनाए कई तरह के पकवान, बच्चों मे सहभागिता और उत्साह



**वेलकम इंडिया**

**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र के तिघरा ग्राम पंचायत के टोला महुरैया में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बृहस्पतिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। स्कूली छात्रझ्छात्राओं ने कई तरह के पकवान बनाए, इसमें इनकी सहभागिता और उत्साह देखते ही बन रहा था। यहां प्रतिवर्ष बाल मेला का आयोजन होता है। स्कूल परिसर में छात्रझ्छात्रा सुनील, करण, कौशल, दीपांकर, विनय, संधना, रूपाली, रचना, नैना, आराधना, तनु, दिव्या ने खाने पीने वाली वस्तुएं जैसे केक, पकौड़ी, हलवा, चाय, भूजा, पापड़, मैक्रोनी, चाउमिन के चार स्टाल लगाए। विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टालों का स्कूल के शिक्षकों व अतिथियों ने निरीक्षण करते हुए खरीदारी कर इनका उत्साहवर्धन किया। इन व्यंजनों का स्कूल के छात्रों के साथझसाथ ग्रामीणों व शिक्षकों ने खूब लुत्फ उठाया। इसके अलावा राजन, माधव, आदित्य, मधु ने पेन, पेंसिल, रबर, कटर व कॉपी का स्टाल लगाया। प्रधानाध्यापिका अंकिता सिंह ने बताया कि बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा का परख करने के लिए बाल मेला का आयोजन किया गया है। इससे बच्चों में करके सीखने की क्षमता का विकास होता है। इस दौरान रूपेश सिंह, अमित पांडेय, निधि सिंह, प्रमोद त्रिपाठी, रेनू सिंह, अंकिता उपाध्याय, रोशनी, सुमन, संगीता, चित्रलेखा, घरभरन आदि मौजूद रहे।

## गौशाला से दुर्गन्ध आती है सपा प्रमुख के बयान से राजाओ के शहर प्रतापगढ़ मे उबाल

**प्रतापगढ़।** राजाओ के शहर प्रतापगढ़ मे औरंगजेब के प्रति अबू आजमी के प्रेम दशार्ते बयान के बाद सपा सासद राम जी लाल सुमन के द्वारा राणा सागा पर अशोभनीय बयान से जनपद मे भारी नाराजगी थी और जगह जगह प्रदर्शन हो रहे थे। कि इसी बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान, गौशालाओ से दुर्गन्ध आती है से जनपद के माहौल मे नाराजगी के साथ ही बडा उबाल आ गया है। यू पी सूबे का प्रतापगढ़ को राजाओ का शहर कहा जाता है। यहा लगभग हर दस किमी पर कोई न कोई राजा रहा है। यहा के राजाओ का देश और प्रदेश की राजनीति मे हमेशा वर्चस्व रहा है। राजा दिनेश सिह राजा अजीत प्रताप सिह राजा अभय प्रताप सिह राजकुमारी रत्ना सिह जिले के वो राजा रानी है जो देश और यू पी की राजनीति मे हावी रहे तो वही भदरी राजा उदय प्रताप सिह के इकलौते पुत्र रघुराज प्रताप सिह राजा भैया की ख्याति तो देश विदेश मे है।

## गेहूं की खड़ी फसल मे भीषण लगीं आग, लगभग 30 बीघा गेहूं जल कर राख




**वेलकम इंडिया**

**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** जनपद के डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में एक बड़ी घटना सामने आई है। जाखौली ग्राम पंचायत के सैदपुर सिवान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग लगाने से लगभग 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। आग से प्रभावित किसानों में खुर्शीद के तीन बीघा, अंगद पाण्डेय के सात बीघा, घनश्याम के दो बीघा, कृष्ण मुरारी के दो बीघा और दिनेश पाण्डेय के सात बीघा खेत शामिल हैं। ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड घटना के एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। घटनास्थल पर हल्का लेखपाल देवेंद्र राठौर, हल्का सिपाही संतराम यादव और दिलीप कुमार पहुंचे। हल्का लेखपाल ने मौके पर जली फसल का सर्वे किया और प्रभावित किसानों को सांत्वना दी। उन्होंने किसानों से खेत खलियान पोर्टल पर शीघ्र ऑनलाइन आवेदन करने का अनुरोध किया, जिससे उन्हें आपदा में जली फसलों का मुआवजा मिल सके।

# मुस्कान के घर मिले 'रहस्यमयी' सूटकेस में आखिर कौन सा राज दफन, फोरेंसिक टीम के हाथ बड़ा सुराग

**वेलकम इंडिया**



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार।** मेरठ पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मुस्कान के मकान में बारीकी से जांच की. यहां टीम ने खून के धब्बों, फिंगरप्रिंट्स और अन्य सबूत इक्कठ्ठा किए. लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में है सूटकेस, जिसे टीम ने बेहद सतर्कता से कब्जे में लिया. नीले रंग की पन्नी में इसे सील करके टीम अपने साथ ले गई. अब लोग पूछने लगे हैं कि क्या इसमें हत्या से जुड़े अहम सुराग छिपे हैं ?

मेरठ के सनसनीखेज सौरभ हत्याकांड में पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए राज खुलते जा रहे हैं. पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मुस्कान और सौरभ के इंद्रानगर स्थित किराए के घर में छानबीन की. घंटों की तलाश के बाद एक 'रहस्यमयी' सूटकेस टीम के हाथ लगा, जिसे सील करके टीम अपने साथ ले गई है. लोगों अब यह जानना चाह रहे हैं कि आखिर इस सूटकेस में क्या छुपा था. मंगलवार की शाम पुलिस और फोरेंसिक टीम एसपी अंतरिक्ष जैन के नेतृत्व में मुस्कान के मकान में बारीकी से जांच की. यहां टीम ने खून के धब्बों, फिंगरप्रिंट्स और अन्य सबूत इक्कठ्ठा किए. घटनास्थल से मिले नमूनों को भी फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा. लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में है सूटकेस, जिसे टीम ने बेहद सतर्कता से कब्जे में लिया. नीले रंग की पन्नी में इसे सील करके टीम अपने साथ ले गई. अब लोग पूछने लगे हैं कि क्या इसमें हत्या से जुड़े अहम सुराग छिपे हैं. क्या यह कातिलों की साजिश का सबसे बड़ा राज खोलेगा. ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के इंद्रानगर में स्थित सौरभ और मुस्कान का घर हत्याकांड के बाद से बंद था. जिस दिन सौरभ का शव मिला था उसी दिन से इस मकान पर ताला लगा था. जैसे ही मोहल्ले में पुलिस टीम पहुंची वहां हलचल तेज हो गई. आसपास के लोगों की भीड़ जुटने लगी, हर कोई जानना चाहता था कि अंदर क्या हो रहा है. टीम ने वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करवाई और फिर एक बड़े बैग और सूटकेस को लेकर बाहर निकली।

# आरटीओ आफिस के चक्कर से मिलेगी मुक्ति जनसेवा केंद्रों से मिलेगीं परिवहन विभाग की कई सेवाएं

**वेलकम इंडिया/ असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** वाहन धारकों को अब आरटीओ कार्यालय के चक्कर लगाए बिना ही जनसेवा केंद्रों से परिवहन विभाग की सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। वित्तीय वर्ष के पहले माह से यह सुविधा शुरू होने जा रही है, जिससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

अब अप्रैल से सीएससी (जनसेवा केंद्र) पर लर्निंग और स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस, दस्तावेज स्कैनिंग, अपलोडिंग, फोटो कॉपी और अन्य परिवहन संबंधित सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे लोगों को लंबी दूरी तय करके आरटीओ कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा, नजदीकी केंद्र पर ही सभी सेवाएं मिलेंगी, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। आरटीओ सुरेश कुमार ने बताया कि जनसेवा केंद्रों को एसबीआई एमओपीएस पेमेंट गेटवे से जोड़ा गया है, जिससे भुगतान की प्रक्रिया आसान और कैशलेस हो गई है। इसके तहत, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए विभाग की फीस के साथ जनसेवा केंद्र संचालक को 30 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। दस्तावेज स्कैनिंग और अपलोडिंग के लिए 2 रुपये प्रति पेज, प्रिंटिंग शुल्क 3 रुपये और फोटो कॉपी के लिए 2 रुपये प्रति पेज की दर निर्धारित की गई है। इस नई सुविधा के शुरू होने से दलालों का कार्य खत्म हो जाएगा, क्योंकि सभी कार्य सीधे जनसेवा केंद्रों से किए जा सकेंगे। इसके साथ ही, सीएससी संचालकों की आमदनी भी बढ़ेगी, और जनता को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

## लम्बे समय से अधर में लटके गहना-नई मंडी मार्ग को मंजूरी, क्षेत्रवासियों ने विधायक का जताया आभार !

**वेलकम इंडिया**

**जहांगीराबाद।** लम्बे समय से अधर में लटके गहना-नई मंडी मार्ग को मंजूरी, क्षेत्रवासियों ने विधायक का जताया आभार !! सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खबर मिलने के बाद नगरवासियो ने की विधायक के प्रयासों की सराहना बीतें लम्बे समय से क्षतिग्रस्त पड़े गहना गोवर्धनपुर-नई मंडी मार्ग को आज राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने मंजूरी दे दी हैं। करीब एक करोड़ रुपये इस सड़क के लिए यूपी सरकार ने पास किए हैं। क्षेत्रवासियों ने कई वर्षों से अधर में लटकी इस मांग पर मंजूरी के लिए प्रयासरत बीजेपी विधायक संजय शर्मा का आभार व्यक्त किया हैं। ज्ञात रहें कि जहांगीराबाद कस्बे के बाजार से बाहर निकलने के बाद जिला मुख्यालय की दूरी तय करने के लिए नई मंडी-गहना मार्ग शॉर्टकट रास्ते में गिना जाता हैं। यह मार्ग नगरवासियो समेत कई गांवों के लोगो के लिए भी काफी लाभदायक हैं। फिलहाल की बदतर स्थिति के कारण इस सड़क पर चलने का लोग परहेज करते नजर आते हैं। फिलवक्त की स्थिति में यह मार्ग बीतें लम्बे वर्षो से काफी दयनीय व क्षतिग्रस्त हालातों में हैं। गड्ढे वाली सड़को की यदि बात करें तो हर आदमी के जहन में इस सड़क का नाम जरूर आता हैं। मंडी समिति के अंतर्गत आने के कारण उक्त सड़क के अच्छे दिन लम्बित थे। अभी के लिए स्थानीय विधायक संजय शर्मा ने क्षेत्रवासियों को बड़ी खुशखबरी दी हैं।

# उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार।** मेरठ उत्तर प्रदेश सरकार की 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति' के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश एवं नगर निगम मेरठ की ओर से केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन शहर विधानसभा के पंडित प्यारेलाल स्मारक में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर हरिकांत अहलूवालिया व भाजपा प्रत्याशी शहर विधानसभा कमल दत्त शर्मा रहे। मुख्य अतिथि हरिकांत अहलूवालिया व कमल दत्त शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों को पुष्प व सोल भेंट कर, प्रमोद कुमार अपरनगर आयुक्त ने सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन वैभव वार्ष्णेय बाबू नगर निगम ने किया। मुख्य अतिथि हरिकांत अहलूवालिया ने भारत सरकार व राज्य सरकार की उपलब्धियां बताई। कमल दत्त शर्मा ने सरकार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था व जन कल्याणकारी योजनाओं की सभी को जानकारी दी और सभी लाभार्थियों को सम्मान पत्र देकर शुभकामनाएं बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज वर्मा सनी गुप्त विवेक बाजपेई पार्षद संदीप रेवड़ी कुलदीप गुप्ता, विक्रम शर्मा विकास मोहन गुप्ता निखिल चपराना सोनी वर्मा शिवा भारती आदि रहे।

# एमआईईटी में वार्षिकोत्सव कोलाहल-2025 में रॉकिंग परफॉर्मेंस

**वेलकम इंडिया**



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार** मेरठ एमआईईटी के वार्षिकोत्सव ₹कोलाहल-2025₹ के दूसरे दिन विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने महोत्सव को सुरमयी बना दिया। दिन की शुरूआत फॉक्सट्रॉट डांस डुएट से हुई, जिसमें 32 छात्र-छात्राओं ने पंजाबी, हरियाणवी और बॉलीवुड गानों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक नृत्यों के माध्यम से छात्रों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

संगीत प्रेमियों के लिए विशेष रूप से आयोजित स्वर संगम ग्रुप प्रतियोगिता में स्वरंग, द इकोस, बूम बॉयज जैसे सिंगिंग ग्रुप्स के कलाकारों ने सुरों का जादू बिखेरा। ₹किन्ना सोना तैनु रब ने बनायार₹, ₹फि दा हूं तुझपे मेरी जान बेपन्हार₹, ₹तुझे कितना चाहने लगे हमर₹, ₹ऐ दिल है मुश्किलर₹ और ₹मेरे ढोलना सुन मेरे प्यार की धुनर₹ जैसे गीतों ने समां बांध दिया। दोपहर के सत्र में द रीज, द एम्पायर, द इलेक्ट्रा और द इल्यूजन फेडर्स डांस ग्रुप्स ने विभिन्न सामाजिक विषयों को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों ने समाज में जागरूकता लाने का संदेश दिया और दर्शकों को गहरे विचारों में डुबो दिया। शाम 3 बजे आयोजित बैटल ऑफ बैंड्स कार्यक्रम में राब्ता बैंड, पथिक बैंड, मलंग बैंड और चंदन वंश लाइव बैंड ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। बैंड की धुनों पर छात्र-छात्राओं ने घंटों तक उत्साहपूर्वक झूमते हुए संगीत का आनंद लिया। रात को मदारी बैंड की लाइव परफॉर्मेंस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ₹ये रात में जो ये नशा है₹, ₹झूम झूम झूम बाबा₹ जैसे गानों की धुनों ने संगीतमय समा बांध दिया। बैंड के कलाकारों ने सूफी संतों, कवियों और विचारकों की रचनाओं को नए अंदाज में प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कबीर और बाबा फरीद की रचनाओं को अनोखे स्वरूप में पेश कर बैंड ने इंसानियत और भाईचारे का संदेश दिया। मीडिया हेड अजय चौधरी ने जानकारी दी कि आज शाम 6 बजे पंजाबी गायक एवं अभिनेता जस्सी गिल और बब्बल राय की लाइव परफॉर्मेंस होगी, जो दर्शकों के लिए एक विशेष आकर्षण होगी।

# विधायक डॉ मंजू शिवाच ने प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की ऱसेवा सुरक्षा व सुशासन की नीतिऱ के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में उत्कर्ष के 8 वर्ष पूर्ण होने पर ब्लॉक भोजपुर मे आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा विधायक डॉ मंजू सिवाच ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आज प्रदेश चहुमुखी विकास की ओर बढ़ रहा है। जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है।

डॉ मंजू शिवाचा ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से अब तक प्रदेश विकास की गति पकड़ रहा है प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर होने के कारण औद्योगिक क्रांति आई है,साथ ही महिलाए और बेटियां अपने को सुरक्षित महसूस कर रही है।प्रदेश में भय वातावरण समाप्त हुआ है।प्रदेश में सभी वर्ग के लोग अपने को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के विकास की तरफ भी सरकार ध्यान दे रही है।युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किया जा रहे हैं।प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे रही है।प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे गए हैं। सरकार गरीबों को जहां एक और सरकार राशन उपलब्ध करा रही है साथ ही उनका आवास की भी सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जिससे किसान खुशहाली की ओर आगे बढ़ रहा है। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने मोदीनगर क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस-वे का निर्माण / भोजपुर में उत्तरने चढ़ने के लिए कट का निर्माण कराया गया ।हापुड़ रोड राज चौपले रेलवे क्रासिंग पर ( आर ओ बी ) का निर्माण कार्य प्रस्तावित है।गोविन्दपुरी में अक्षयपात्र किचन का निर्माण कार्य । मोदीनगर हापुड़ रोड पर नगर पालिका काम्प्लेक्स में जीएसटी ऑफिस का निर्माण कार्य प्रस्तावित है ।नगर पंचायत निवाड़ी में जीडीए के 528 फ्लैट का निर्माण कराया गया, जल्द ही आवंटित किये जायगे ।मेरठ डासना एक्सप्रेस वे पर ग्राम चुड़ियाला में उतार चढ़ाव के लिए कट प्रस्तावित है । ग्राम सारा में एक डिग्री कॉलेज का निर्माण कराया गया ।रैपिड रेल की सेवाएं जनता को समर्पित हुई ।मोदीनगर रेलवे स्टेशन का सौन्दर्यकरण ।सीकरी महामाया मन्दिर में एक हॉल का निर्माण कार्य एवं वट वृक्ष को राष्ट्रीय धरोहर की घोषणा ।नगर पालिका का विस्तारिकरण कराया गया।जिसमे ग्राम बेगमाबाद, बूदाना, बिसोखर, कादराबाद, सीकरी खुर्द, सीकरी कला एवं गदाना । मोदीनगर के ग्राम ईशापुर में ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण कार्य ।मोदीनगर में सिचाई विभाग द्वारा 20 पुल/पुलियाओं का निर्माण कराया गया।हापुड़ रोड का दोहरीकरण कराया जाना प्रस्तावित है ।नगर पंचायत पतला में बच्चों को रेस लगने के लिए एक ट्रैक बनवाया जा रहा है तथा हॉल का सौन्दर्यकरण एवं उपकरण भी उपलब्ध कराये जा रहे है ।सिखेड़ा रोड नाले को स्मार्ट ड्रेनेज योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार को भेज दिया गया है साथ ही गदाना का नाला भी मजबूती से दिया गया है। सब्जी मण्डी के सौन्दर्यकरण का प्रस्ताव डायरेक्टर तक चला गया है।नाला निर्माण के उपरान्त कार्य शुरू करा दिया जायगा । मोदीनगर तहसील में एक अन्य निबंधन कार्यालय तहसील परिसर में ही बनाया जाना प्रस्तावित है।यूपी एस आई डी ए द्वारा निवाड़ी क्षेत्र का समुचित विकास तथाजीडीए द्वारा भोजपुर ब्लॉक में इंडस्ट्रीज व हाउसिंग प्रस्तावित है ।मोदीनगर बस अड्डे का सौन्दर्यकरण कराया गया ।प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह आदि मौजूद रहे।

# लूट में फरार बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में पुलिस ने एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है।यह बदमाश एक महीने पहले व्यापारी से लूट की वारदात में शामिल था।मुरादनगर थाना क्षेत्र में एक व्यापारी और उनके कर्मचारी से सात बदमाशों ने पैसों का थैला, हिसाब की बही और दुकान व गोदाम की चाबियां लूटी थीं। लूट के दौरान बदमाशों ने गोली भी चलाई थी।इस मामले में पुलिस पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।पुलिस ने अब सातवें आरोपी शत्रुघन उर्फ शत्रु को गिरफ्तार किया है।23 वर्षीय शत्रुघन लोनी बॉर्डर के कृष्णा विहार का रहने वाला है।पूछताछ के दौरान जब पुलिस उसे लूट की बरामदगी के लिए गंगनहर पटरी ले गई, तब उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी।घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और लूटी गई बही का बैग बरामद हुआ है।पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मेरठ में दिनेश कुमार गोयल सभापति ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक ली




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में विकास भवन मेरठ में समिति के सदस्यों के साथ व डा0 विजय कुमार सिंह जिलाधिकारी मेरठ एवं मेरठ, बागपत, हापुड़ जिले से विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद मेरठ, बागपत, हापुड के विधुत विभाग से सम्बन्धी विभागीय कार्यो की समीक्षा की बैठक के दौरान पिछले तीन वर्षो में किये गये कार्यो के बारे मे अवगत कराया गया। इससे पहले सभागार पहुँचने पर सभापति दिनेश गोयल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मेरठ, बागपत जिले के विद्युत विभाग के उपभोक्ताओं द्वारा अपनी समस्याओं से सभापति जी को अवगत कराया जिस पर उन्होंने तत्काल अधिकारियों से उनका समाधान करने हेतु आदेश दिया।मेरठ पहुंचने पर कार्यकताओं ने फूल माला व पटका पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।सभापति दिनेश कुमार गोयल जी ने कहा कि उपभोक्ता को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न आये इसपर अधिकारी विशेष रूप से ध्यान दें।इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, अश्विनी त्यागी, सदस्यगण विधान परिषद रतनलाल व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

# महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित हुआ



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** सीएमडी हाल में महिला सशक्तिकरण पर आयोजित कार्यक्रम में एसीपी प्रिया श्रीपाल पिंक बूथ चैकिंग इंचार्ज उषा मलिक, इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, महिला कांस्टेबल चांदनी, रुचि, नीता प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों का उपयोग किस तरह से करें। अपने आसपास होने वाले क्राइम की जानकारी वह पुलिस को किस तरह से दे किन-किन नंबरों पर अपनी बात बता सकते हैं। यह सब एसीपी प्रिया श्रीपाल ने बताया। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद जिले में पिंक बूथ की स्थापना होने के बाद से महिला उत्पीड़न में कमी आई है तथा उनके समस्याओं का निवारण किया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल की महिला प्रकोष्ठ सुमन चौधरी अनुप्रीत कौर, पंजाबी संगठन की अध्यक्ष शालिनी नैयर,वर्षा आदि मौजूद रहे।

# गिन्नी देवी कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर किया

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के कुशल नेतृत्व में तथा महाविद्यालय के चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री शालू तिवारी के कुशल निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला एवं विकास मंत्रालय द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर किया गया। जिसमें हमारे महाविद्यालय की छात्रा निशा बी ए द्वितीय वर्ष ने विश्वविद्यालय एवं जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर हमें गौरवान्वित किया है।

यह प्रतियोगिता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के स्वर्णिम 10 वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। जिसकी थीम सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार समानता और सशक्तिकरण था विजेता छात्रा को प्रोत्साहन हेतु स्मृति चिन्ह 11000 रु नगद तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया महाविद्यालय की अन्य छात्राओं में रूबी चंचल एवं कशिश ने प्रतिभागिता की थी प्राचार्य ने छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान की।

# स्ट्रीट लाइट खराब होने से छाया अंधेरा

गाजियाबाद। एनडीआरएफ रोड गोविन्दपुरम की सड़क पर स्ट्रीट लाइट खराब होने से अंधेरा छाया है। इस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोग निगम के प्रकाश विभाग से कई जगह खराब स्ट्रीट लाइट ठीक कराने की मांग कर रहे हैं। गोविंदपुरम निवासी सतेंद्र तोमर और ब्रजेश पाठक ने बताया कि मधुबन बापूधाम थाने तक कई लाइट खराब है। सड़क में जगह–जगह गड्ढे हैं। इस कारण अंधेरा होने की वजह से दोपहिया वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हो रही है। गड्ढे नहीं दिखाई देने पर हादसा होने का खतरा रहता है।

# निवोक अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा सफलतापूर्वक की गई पहली सर्जरी



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** मोदीनगर क्षेत्र में एन एच 58 मार्ग स्थित निवोक अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा सफलतापूर्वक पहली सर्जरी की गई। मेरठ से गाजियाबाद के बीच एक मात्र यह पहला अस्पताल है। जिसमें मरीज को सभी सहूलियत मिल रही है। सर्जरी करने वाले डॉक्टरों के पैनल में केपी सिंह एम बी बी एस, एम एस, डॉक्टर विशाल जैन एम बी बी एस, एमडी, पीड़ीसीसी व डॉक्टर अंजली वत्स एम डी, डी एन बी शामिल रही। अस्पताल द्वारा निवोक फाउंडेशन के बैनर तले क्षेत्र में जगह - जगह निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाए जा रहे है जिसमें डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाईयां भी दी जा रही हैं। आगामी दिनों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को सुबह दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक तिबड़ा रोड स्थित अग्रसेन भवन में लगाया जाएगा।

# वी० एस० एम० एकेडमी का वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ

**वेलकम इंडिया**




**नूरपुर।** वी० एस० एम० एकेडमी नूरपुर में नर्सरी से कक्षा-9 तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा फल घोषित कर मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रबंधक अशोक चौधरी द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य हिमांशु चौधरी ने सभी बच्चों को बताया कि कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है व सभी विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य तय करके पूर्ण मनोयोग से मेहनत करनी चाहिए व सभी बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के अंतर्गत नर्सरी-ए से परी प्रथम, अनम द्वितीय, राघव राज तृतीय रहे। नर्सरी-बी से निवेदिता प्रथम, अबूजर दितीय, ऐमन तृतीय। एल०के०जी० ए से ईशान को प्रथम, काव्या को द्वितीय, देविका को तृतीय, एल.के.जी बी से विशाखा देवी को प्रथम, समद को द्वितीय, सेवान को तृतीय। यू०के०जी० ए से अर्श खान को प्रथम, शौर्य कुमार प्रथम, मोहम्मद साद को द्वितीय, जीयान खान तृतीय। यू०के०जी० बी से नितिश कुमार प्रथम, लक्ष्य कुमार द्वितीय, अब्दुल हादी तृतीय। कक्षा 1 ए से नव्या चौधरी प्रथम, नमरा द्वितीय, आयशा परवीन तृतीय। कक्षा-1 बी माही प्रथम, आरोही द्वितीय, मिनाक्षी तृतीय।

# भाजपा कार्यालय पर बैठक का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**बिजनौर।** भाजपा कार्यालय बिजनौर में एक देश एक चुनाव कार्यक्रम विषय पर एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रवासी सपना अग्रवाल व क्षेत्रीय शोध प्रमुख रजनी कालरा रही। जिसमें एक देश एक चुनाव कार्यक्रम पर विस्तार से इस विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महा मंत्री अनामिका जैन ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष मोनिका यादव, जिला उपाध्यक्ष स्वाति चैहान, संजू रानी, जिला मीडिया प्रभारी डॉ शीला राणा, रेखा यादव, मीना प्रजापति, सरौता सिसौदिया आदि उपस्थित रहीं।

# खेत में टहल रहे युवक व किसान को मारी गोली, घायल

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मोदीनगर थाना क्षेत्र में देर रात कार सवार बदमाशों ने जमकर कहर बरपाया।

पहले अपने परिवार के साथ खेत में टहल रहे निजी कंपनी के मैनेजर के सीने में गोली मारकर घायल कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने उसकी बहन और पत्नी के साथ मारपीट भी की और कहा हमें पति-पत्नी को मारने की 25 लाख की सुपारी मिली है। इस घटना के दो घंटे बाद बदमाश गांव अमराला पहुंचे। जहां उन्होंने एक घर का दरवाजा खुलवाकर बाहर निकले किसान को गोली मार दी। दोनों घायलों को गंभीर हालत में गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटनास्थल का डीसीपी ग्रामीण व एसीपी मोदीनगर ने निरीक्षण किया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मोदीनगर के अमराला गांव के रहने वाले रजनीश शर्मा निजी कंपनी में मैनेजर पद पर कार्यरत हैं। बुधवार रात करीब 10:30 बजे वो अपनी पत्नी रचना शर्मा और बहन कविता शर्मा के साथ खेत की तरफ टहलने गए थे। वह टहलते हुए वो गांव पट्टी मार्ग पर पहुंच गए। इसी बीच उन्हें एक कार खड़ी दिखाई दी, जिसकी लाइट जल रही थी। कविता शर्मा ने अपने भाई रजनीश से कहा कि शायद आगे युवक शराब पी रहे हैं। इसलिए वापस चलते हैं। इस जगह से रजनीश का घर करीब एक किलोमीटर की दूरी पर था। फिर अचानक से तीन युवक आए, उनके हाथ में एक फोटो भी था। जिसे देखकर उन्होंने रजनीश के सीने में गोली मार दी।

# लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भेंट किए : अशोक कटारिया

**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर :** खंड विकास अधिकारी कार्यालय कैंपस में शासन के निदेशानुसार प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अक्सर पर विकास खंड नूरपुर के कैंपस में मेले का समापन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री, एमएलसी अशोक कटारिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ दिनेश पाल शर्मा एवं संचालन एडीओ अनिल यादव ने किया। मुख्य अतिथि एमएलसी अशोक कटारिया ने अपने संबोधन में सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियो एवं योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो के नियुक्ति पत्र, लाभार्थियों के प्रशस्ति पत्र, 10 गरीब आदमियों को पट्टा आवंटन व प्रमाण पत्र दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकासखंड को वित्तीय वर्ष में 15 करोड रुपए सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। एनआरएलएम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र दिये। मेले में विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। एमएलसी अशोक कटारिया ने समूहो द्वारा बनने वाले उत्पादकों की सराहना की। इस मौके पर उप जिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया, सीडीपीओ सतीश कुमार, एडीओ सलीम अहमद, चिकित्सा अधिकारी अजय गंधर्व, पशु चिकित्सा अधिकारी विनय कुमार, जिला मंत्री किसान मोर्चा भाजपा सत्यवीर चौहान, प्रेमपाल सिंह रवि, डॉ पवन अग्रवाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।



# एजुकोल स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**वेलकम इंडिया**

**धामपुर :** नगीना मार्ग स्थित एजुकोल स्कूल धामपुर में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। परीक्षाफल प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। शिक्षक शिक्षिकाओं एवं उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य ने मेडल से सम्मानित कर हौसला अफजाई की। सिंचाई विभाग के इंजी. सी.के.चौहान की सुपुत्री कलश चौहान ने कक्षा चार में प्रथम एवं अवनी चौहान ने कक्षा सात में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं इंजी. नवीन शर्मा की सुपुत्री सौम्या ने अपने अनुभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षाफल वितरण के दौरान अभिभावक एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को अग्रिम कक्षा में पहुँचने की बधाई देते हुई उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।



# अवैध निर्माणकर्ताओं को चेतावनी जीडीए का ध्वस्तीकरण अभियान जारी

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण पर कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-1 के नेतृत्व में रोहताश त्यागी पुत्र बंसी त्यागी, मोनिदर त्यागी पुत्र रोहताश त्यागी, विकास त्यागी द्वारा खसरा संख्या-424, सिहानी, सद्दीकनगर में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में कालोनी बनाने का कार्य करने के लिए मिट्टी भराई, डिमार्केशन का कार्य किया जा रहा था। उपरोक्त अवैध कालोनियों में कालोनाईजर द्वारा बनायी जा रही सड़क, बाउन्ड्रीवॉल, आदि को जीडीए की टीम ने ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकताओं/निर्माणकताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गई। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-1 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिए कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों के विरूद्ध सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-1 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# नवरात्रि से पहले किसानों की मांगें पूरी करने की डीएम से की अपील

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर किसानों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 30 मार्च 2025 से हिंदू धर्म के अनुसार पवित्र नवरात्रि आरंभ हो रही है, जिसमें श्रद्धालु उपवास रखते हैं। लेकिन लंबे समय से धरने पर बैठे किसान व्रत का पालन करने में कठिनाई महसूस करेंगे। टीटू ने पत्र में उल्लेख किया कि 20 मई 2014 को वेव सिटी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) और किसानों के बीच जो समझौता हुआ था, उसे पूरी तरह लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की मुख्य मांग है कि सभी प्रभावित किसानों को 8 प्रतिशत भूखंड तथा भूमिहीन किसानों को 120 मीटर का भूखंड दिया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि प्रशासनिक अधिकारियों और जीडीए उपाध्यक्ष के साथ बैठक कर इस मुद्दे का शीघ्र समाधान निकाला जाए, ताकि धरने पर बैठे किसान जल्द से जल्द अपने घर लौट सकें।

## नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ




वेलकम इंडिया

**गाजियबाद।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति गाजियाबाद समिति की ओर से आज दिनांक 27 मार्च 2025 गुरुवार को वरदान नेत्र चिकित्सालय गाजियाबाद के सहयोग से एक नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रज्ञा कुंज शोलाना मे किया गया जिसमे वरदान नेत्र चिकित्सालय गाजियाबाद के कुशल डाक्टरो की टीम द्वारा 132 ग्रामवासियो की ऑखो की जांच की गई जिस मे 25 ग्रामीणो की आंखो मे केटरेट पाया गया जिनका ओपरेशन वरदान चिकित्सालय गाजियाबाद मे किया जायेगा। इस अवसर पर समिति की ओर से आर के गुप्ता, एल डी शर्मा, वी के शर्मा, हरिपाल सिंह, रमेश अरोरा, ए के गुप्ता, एम बी भारद्वाज, आर एन सक्सेना, वीपी रस्तोगी, आरपी शर्मा, रामकिशन, विजय आदि का विशेष सहयोग रहा।

# ज्वैलरी की दुकान में चोरी करने वाला पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इन्दिरापुरम पुलिस टीम देर रात में वंसुधरा में ज्वैलरी की दुकान का शटर तोड़कर दुकान से 4 किलो चांदी व 3 ग्राम सोने की चोरी की घटना कारित करने वाला शातिर अभियुक्त पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूसों के अलावा चोरी किये गये सफेद धातू के गले हुये 02 टुकडे और चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई एक कार बरामद हुई है। लूटपाट / चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए थाना इन्दिरापुरम पुलिस द्वारा प्रतिदिन थाना क्षेत्र मे सघन चेकिंग की जा रही है। चेकिंग के दौरान बुधवार को देर रात वसुन्धरा सैक्टर- 1 हिण्डन बैराज पुलिया के पास एक स्लेटी रंग की कार आती दिखी। जिसके चालक ने पुलिस को



चेकिंग देखकर तेजी से कार को रोककर पीछे की तरफ मोडकर कार से भागने का प्रयास किया तो हडबडाहट में कार डिबाइडर से टकरा गयी। कार चालक कार से उतरकर भागने लगा। जिसे पकडने का प्रयास किया गया तो भाग रहे व्यक्ति द्वारा अचानक मुड कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से निशाना लगाते हुये अपने हाथ में लिये हथियार से फायर कर दिया गया । आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की गयी जवाबी फायर किया गया । जिससे गोली चलाने वाले अभियुक्त के पैर में गोली लगी । जिससे अभियुक्त घायल होकर नीचे गिर गया, जिसके उपरान्त घायल अभियुक्त को मौके पर ही हिरासत मे लिया गया । अभियुक्त की कार की तलाशी ली गई तो कार के डैसबोर्ड से सफेद धातू के 2 गले हुये टुकडे बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने बताया 21/22 मार्च को वसुन्धरा स्थित अम्बे ज्वैलर्स के यहां पर की गयी चोरी सहित अन्य चोरी की घटनाओं को उसने ही अंजाम दिया है। मैने और मेरे साथी राजवीर सिंह चौहान पुत्र विष्णु सिंह चौहान निवासी आफिसर्स कालोनी रेलवे रोड उझानी थाना उझानी जनपद बदायूं तथा दो अन्य साथी जिनका नाम पता मुझे नही मालूम उन दोनो को राजवीर लेकर आया था ने मिलकर मेवाड कालेज वसुंधरा के पास एक ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोडकर कुछ चांदी जेवरात तथा सोना चोरी किया था। चांदी को मेरे साथी राजवीर द्वारा गला लिया गया था। जिसमे चांदी के दोनो टुकडे जो कार के डैश बोर्ड से बरामद किया है वो टुकड़े मेरे हिस्से मे आये थे । मै आज फिर से रात में दूसरी दुकानो में चोरी हेतु रेकी करने आया था। अंकित उपरोक्त से उसकी फर्जी नम्बर प्लेट लगी कार के विषय में पूछा तो बताया कि यह कार मेरे साथी राजवीर की है। रात में मैं व राजवीर व राजवीर के साथी इसी कार में बैठकर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

## इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी आग

**गाजियाबाद।** अंकुर विहार क्षेत्र में एक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में आग लग गई। यह शोरूम खन्ना कॉलोनी में रजिस्ट्री ऑफिस के सामने स्थित है। शोरूम भूतल पर है और प्रथम तल पर ऑफिसर्स नाम से एक लाइब्रेरी संचालित है। घटना के समय लाइब्रेरी में कई छात्र पढ़ाई कर रहे थे। जब नीचे से आग का धुआं ऊपर पहुंचा, तो सीढियों का रास्ता धुएं से भर गया। इस स्थिति में छात्रों को छत के रास्ते से बाहर निकलना पड़ा। दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल के अनुसार, आग के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हैं।

## बंधक बनाकर नवविवाहिता से 14 दिन तक दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता के साथ हुई दरिंदगी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने एसीपी को दी शिकायत में बताया कि उसे 14 दिन तक बंधक बनाकर दुष्कर्म किया गया। महिला की शादी 8 फरवरी को हुई थी। वह 14 फरवरी को अपने मायके आई थी। उसी दिन रात को पड़ोस में रह रही एक युवती उसे महिला संगीत में ले गई। वहां उसे मिठाई खिलाई गई, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। होश आने पर उसने खुद को रुडकी के एक कमरे में बंद पाया। पीड़िता ने बताया कि 14 दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया गया। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। बाद में उसे चुडि ?ला पुलिस चौकी के पास छोड़कर आरोपी फरार हो गए। महिला का आरोप है कि पुलिस और मजिस्ट्रेट के सामने बयान देने के बावजूद भोजपुर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पहले परिजनों ने महिला के लापता होने पर भोजपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया था। अब आरोपी समझौते का दबाव बना रहे हैं। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश ने मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## बाइक सवार बदमाशों का आतंक

**गाजियाबाद।** जिले के ट्रांस हिंडन एरिया में बदमाशों का बोलबाला है। इंदिरापुरम में हेबिटेट सेंटर के नजदीक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने एक युवक से सोने के गहने लूट लिए और फरार हो गए। उधर कौशांबी में बदमाशों ने एक महिला की सोने की चेन लूट ली। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अजय कुमार बंसल पुत्र सुखवीर सिंह बंसल निवासी आवास छ्व्ड्डष्क्ष 1101 शिप्रा शिष्टी अंहिसा खण्ड 01 ने कहा कि 25 मार्च को दोपहर सवा बजे हेबिटेट सेंटर (गेट न0 2) के सामने से गुजर रहा था तभी दो बाइक सवार द्वारा मुझे बातों मैं उलझा कर मेरी अलसी सोने कि चैन व 2 अंगूठी जिसमें 1 हीरा और एक मूंगा की थी। असली के बदले नकली थमा कर फरार हो गए। वृषाली पत्नी अनिल कोते निवासी वैशाली ने थाना कौशाम्बी में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 26 मार्च को दोपहर 2 बजे अपने घर से आवश्यक सामान लेने के लिए शॉप्रिक्स मॉल आ रही थी। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी सोने की चेन छीन ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। छोटे लाल विश्वकर्मा पुत्र बनारसी विश्वकर्मा निवासी बाबतपुर वाराणसी ने थाना टीला मोड़ में दी तहरीर में कहा कि में हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद में जॉब करता हूं। 17 मार्च को ड्यूटी से शाम 6 बजे ड्यूटी पूरा करने के बाद मार्केट सब्जी लाने के लिए जा रहा था। सिकंदरपुर चौकी से 100 मीटर पहले स्कूटी सवार दो लोगों ने पीछे से आकर मोबाइल को हाथ से छीन लिया और फरार हो गए।

## आरडब्ल्यूए के पूर्व सचिव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** ऐसोटेक थी नेक्स्ट सोसाइटी में करीब 2 साल पहले हुई एक घटना में आरडब्ल्यूए के पूर्व सचिव को पुलिस ने हिरासत में लिया है। यह मामला नवंबर 2022 का है, जब सोसाइटी की लिफ्ट में तीन बच्चियां फंस गई थीं। घटना के शिकार परिवार के मुताबिक, 29 नवंबर 2022 को 8 वर्षीय बच्ची अपनी दो सहेलियों के साथ खेलने के लिए लिफ्ट से नीचे जा रही थी। अचानक लिफ्ट रुक गई और तीनों बच्चियां करीब 25 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रहीं। पीड़ित बच्ची के पिता शिवम गहलोत ने अगले दिन थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्कालीन आरडब्ल्यूए अध्यक्ष चित्रा चतुर्वेदी और सचिव अभय झा के खिलाफ मामला दर्ज किया। दो साल की कानूनी लड़ाई के बाद, 26 मार्च 2025 को कोर्ट ने अभय झा के खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी किया।

# प्राथमिक विद्यालय की छात्रा के नवोदय विद्यालय में चयन पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दी बधाई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव द्वारा गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय अमीरपुर गढ़ी का औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ अनुज त्यागी ने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के शैक्षिक स्तर एवं विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अनुज त्यागी ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से नवोदय परीक्षा में प्राथमिक विद्यालय अमीरपुर गढ़ी से हर वर्ष बच्चे नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण कर कक्षा 6 में नामांकन कराते हैं इस वर्ष भी कक्षा 5 की छात्रा परी गौतम ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने छात्रा को शुभकामनाएं दी तथा सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# साइबर क्राइम के खिलाफ पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** हर रोज साइबर क्राइम के मामलों में हो रहे इजाफे को लेकर पुलिस प्रशासन चिंतित है। पिछले कुछ समय में ही डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के अनेकों मामले प्रदेश में दर्ज हुए हैं। गाजियाबाद में भी हालात बेहद गंभीर हैं। पुलिस प्रशासन ने साइबर क्राइम से लोगों को बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाना शुरू किया है। इसी कड़ी में गाजियाबाद की एक सोसायटी में कवायद हुई। गुरुवार को राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के कम्युनिटी हॉल में सिहानी गेट पुलिस के साइबर क्राइम विभाग के अधिकारियों ने गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी के लोगों के साथ साइबर क्राइम अवेयरनेस वेलफेयर प्रोग्राम-2025 आयोजित किया। टीम के अधिकारी यश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को मोबाइल पर आने वाले किसी भी



अंजान लिंक को न खोलने की नसीहत दी गई। अंजान लिंक पर क्लिक करने से मोबाइल हैक हो जाता है। आपकी निजी जानकारी गलत हाथों में पहुंच सकती है। इसके साथ ही साइबर टीम ने डिजिटल अरेस्ट के प्रति भी लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी आपको वीडियो कॉल करके किसी भी अपराध की जानकारी नहीं देगा। यह केवल साइबर ठगों का बिछाया हुआ जाल है, सावधानी बरतें और सुरक्षित रहें। साइबर टीम ने मौके पर मौजूद लोगों के $फोन खुलवाकर साइबर ठगी से बचने के तरीकों के बारे में बताया। इस मौके पर साइबर टीम से महिला आरक्षी मीनाक्षी, पारुल, व आरक्षी ओमवीर मौजूद रहे। साथ ही सोसायटी की तरफ से गौरव बंसल, वी के जैन, अनिल बंगा, कमल सूरी, राजीव सिंघल, रामसरन जग्गा, विनोद बजाज, इंद्रपाल गुप्ता, राहुल त्यागी, श्रवण कुमार, अश्वनी आदि मौजूद रहे।

## हेल्थ विभाग के पेट्रोल सप्लाई पर उठे सवाल, निगम के ईंधन आपूर्ति में गड़बड़ी के पुराने मामले

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** हाल ही में उजागर हुए डीजल घोटाले का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि अब नगर निगम के हेल्थ विभाग की पेट्रोल आपूर्ति पर भी सवाल उठने लगे हैं। मच्छरों पर नियंत्रण के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरणों को पेट्रोल उपलब्ध कराने का दायित्व मेरठ रोड स्थित एक निजी पंप को सौंपे जाने का मामला सामने आया है, जिसे लेकर टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। आमतौर पर नगर निगम के वाहनों को पेट्रोल, डीजल और सीएनजी उपलब्ध कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाती है, लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि जिस पंप को यह जिम्मेदारी दी गई है, उसके तार एक दलाल से जुड़े हैं, जिसकी भूमिका को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। जब इस मामले पर गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल से सवाल किया गया, तो उन्होंने किसी भी जानकारी से अनभिज्ञता जताई, लेकिन साथ ही आश्वासन दिया कि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी। महापौर ने यह भी कहा कि यह जांच की जाएगी कि पेट्रोल सप्लाई के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई थी या नहीं। गौरतलब है कि नगर निगम के वाहनों के लिए डीजल आपूर्ति में पहले भी घोटाले उजागर हो चुके हैं।

# पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए आरपीओ जाने की जरूरत नहीं, मेल से पूरी होगी प्रक्रिया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पासपोर्ट आवेदन प्रक्रिया में बड़ी राहत! अब अगर आपके पासपोर्ट आवेदन में कोई कमी रह गई हो या फिर किसी कारणवश पुलिस वेरिफिकेशन अटक गया हो, तो आपको क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए जरूरी पर्सनल पर्टिकुलर फॉर्म (पीपीएफ) अब सीधे मेल पर उपलब्ध होगा, जिसे भरकर ऑनलाइन ही जमा किया जा सकेगा। गाजियाबाद




समेत पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए यह प्रक्रिया पहले जटिल थी। पासपोर्ट आवेदन में त्रुटि या पांच साल से कम समय के निवास जैसी समस्याओं के कारण आवेदकों को हापुड़ चुंगी स्थित रीजनल पासपोर्ट ऑफिस जाकर पीपीएफ भरकर जमा करना पड़ता था। अब यह प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल हो गई है, जिससे हर महीने हजारों लोगों को राहत मिलेगी। पर्सनल पर्टिकुलर फॉर्म (पीपीएफ) एक आधिकारिक दस्तावेज है, जिसमें आवेदक की व्यक्तिगत जानकारी (नाम, पता, जन्म तिथि, व्यवसाय आदि) दर्ज की जाती है। यह फॉर्म पासपोर्ट वेरिफिकेशन प्रक्रिया का अहम हिस्सा है, जिससे पुलिस जांच पूरी की जाती है। अब आवेदक को पीपीएफ के लिए पासपोर्ट ऑफिस जाने की जरूरत नहीं होगी। वे सीधे मेल के जरिए पीपीएफ फॉर्म मांग सकते हैं। मेल पर प्राप्त पीपीएफ फॉर्म को डाउनलोड कर, सही जानकारी भरकर पुनः मेल से भेजना होगा। पीपीएफ फॉर्म जमा होते ही उसे संबंधित पुलिस स्टेशन को सत्यापन के लिए भेज दिया जाएगा। गाजियाबाद निवासी गुलशन कुमार अरोड़ा और रेनू अरोड़ा को इस नई प्रक्रिया से राहत मिली। तीन साल पहले इंदिरापुरम के नीति खंड 2 में शिफ्ट होने के कारण उनके पासपोर्ट के लिए दो स्थानों पर पुलिस वेरिफिकेशन की जरूरत थी।

## सीबीएसई 12वीं की समाजशास्त्र की परीक्षा में छात्रों के छूटे पसीने

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में गुरुवार को आयोजित सीबीएसई 12वीं की समाजशास्त्र की परीक्षा में जनगणना आधारित और कथन वाले प्रश्नों को करने में कई छात्रों के पसीने छूट गए।

छात्रों के मुताबिक पेपर में एक नंबर वाले भी कई प्रश्न मुश्किल रहे, लेकिन जनगणना वाले प्रश्नों की प्रवृत्ति एक जैसी होने के चलते उन्हें समझने में वक्त लगा। कुछ छात्रों ने दो-तीन प्रश्न छूटने की भी बात कही। गुरुवार को जिले के 48 केंद्रों पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं समाजशास्त्र विषय की परीक्षा सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे के बीच हुई। छात्रों ने बताया कि पेपर में चार भाग में अलग-अलग प्रश्न पूछे गए। 80 नंबर के पेपर में कुल 35 प्रश्न थे। पहले भाग एक अंक के 16 प्रश्न, भाग दो में दो अंक के नौ प्रश्न, भाग तीन में चार अंक के सात प्रश्न और भाग चार में छह अंक के तीन प्रश्न हैं। छात्रों के मुताबिक एक अंक वाले प्रश्नों को समझने और करने में अधिक समय लगा। जबकि दो अंक वाले सामाजिक अवधारणा आधारित प्रश्नों की अपेक्षा तीन अंक वाले प्रश्न ज्यादा आसान थे।